नई दिल्ली
बुधवार, 26 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 28, अंक : 76
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## जम्मू हवाई अड्डे से 'धाम' के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू, एक दिन का पैकेज 35 हजार रु. का

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए अच्छी खबर है। अब जम्मू हवाई अड्डे से सीधे माता वैष्णो देवी धाम के लिए



हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई है। मंगलवार को इस हेलीकॉप्टर की पहली उड़ान भरी गई। जम्मू हवाई अड्डे से दो हेलीकॉप्टर माता वैष्णो देवी धाम में बने सांझी छत के पंछी हेलीपैड पर उतरे। इन दो हेलीकॉप्टर में नौ श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। इस दौरान श्री माता शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### पुणे पोर्श केसः नाबालिग को मिली जमानत

**पुणे।** पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को आरोपी नाबालिग को जमानत दे



दी है। साथ ही उसे बाल सुधार गृह से तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हमें आरोपी के साथ वैसे ही पेश आना होगा, जैसे हम कानून का उल्लंघन करने वाले किसी और बच्चे के साथ पेश आते। फिर चाहे अपराध कितना भी गंभीर क्यों न हो। नाबालिग ने 18-19 मई की रात पुणे के बाइक सवार को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना के समय आरोपी नशे में था।

#### आतिशी आईसीयू में भर्ती भूख हड़ताल खत्म

**दिल्ली।** दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने 5 दिन बाद अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल



खत्म कर दी है। मंगलवार तड़के तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां डॉक्टरों की टीम ने बताया कि आतिशी का शुगर लेवल गिरकर 36 हो गया था। वह अभी भी एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं। तबीयत को देखते हुए ये हड़ताल खत्म कर दी गई। दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने यह घोषणा की है।

#### निजी क्षेत्र की कंपनी संग सहयोग

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** रक्षा मंत्रालय ने लघु उपग्रह के विकास के लिए निजी क्षेत्र की कंपनी स्पेस पिक्सल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ ऐतिहासिक 350वें आईडीईएक्स अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह अनुबंध कंपनी के साथ 150 किलोग्राम तक के लघु उपग्रह के डिजाइन और विकास के लिए किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मंत्रालय में अपर सचिव (रक्षा उत्पादन), रक्षा नवाचार संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुराग बाजपेयी और स्पेस पिक्सल के संस्थापक (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) अवैस अहमद नदीम अलदुरी के बीच अनुबंध का आदान प्रदान किया गया।

### विपक्ष चाहता था लोकसभा उपाध्यक्ष पद, सत्तापक्ष राजी नहीं

# घमासानः सत्तापक्ष और विपक्ष आमने सामने लोकसभा अध्यक्ष पद पर आज होगा चुनाव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने सामने आ गए हैं। मंगलवार को अध्यक्ष पद को लेकर सहमति नहीं बन पाई। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार तथा भाजपा सांसद ओम बिरला ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन जमा करा दिया। इसके बाद कांग्रेस के कोडिकुन्नील सुरेश ने भी अध्यक्ष पद के लिए पर्चा दाखिल कर दिया। विपक्ष की मांग थी कि अध्यक्ष पद सर्वसम्मति चाहिए तो उसे लोकसभा उपाध्यक्ष का पद दिया जाए पर इस पर सत्तापक्ष राजी नहीं हुआ। आज बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए बिरला और सुरेश के बीच चुनाव होगा। बिरला ने नामांकन दाखिल करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वह राजस्थान के कोटा से लगातार तीसरी बार भाजपा के टिकट पर सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

#### बिरला जीते तो 25 साल में ऐसा पहली बार होगा

पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके बिरला को एनडीए की तरफ से सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनाया गया है। यदि वह बुधवार को हुए मतदान में जीत जाते हैं तो 25 साल में इस पद पर दोबारा आसीन होने वाले पहले व्यक्ति होंगे। जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि बिरला का नाम एनडीए के सभी दलों ने सर्वसम्मति से तय किया और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह भी समर्थन हासिल करने के लिए विपक्ष के पास पहुंचे लेकिन बात बनी नहीं। शेष पेज 7 पर

एनडीए की तरफ से ओम बिरला ने भरा नामांकन

कांग्रेस के सुरेश ने भी दाखिल किया पर्चा



#### ललन और पीयूष ने विपक्ष पर साधा निशाना

विपक्ष पर निशाना साधते हुए ललन सिंह ने कहा कि विपक्ष लोकसभा उपाध्यक्ष के पद पर तुरंत फैसला चाहता हैं, जबकि राजनाथ सिंह ने अनुरोध किया था कि चयन का समय आने पर सभी को एक साथ बैठना चाहिए और इस मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के लिए उम्मीदवार के नाम पर सर्वसम्मति होती तो बेहतर होता। उन्होंने इस संबंध में शर्तें रखने के लिए विपक्ष की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को शर्तों पर नहीं चलाया जा सकता।

#### राहुल ने जताई नाराजगी

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की उम्मीद करते हैं, लेकिन कांग्रेस के नेता का अपमान किया जा रहा है।

#### बात हारने जीतने की नहीं, परंपरा की हैः सुरेश

केरल से आठवीं बार लोकसभा पहुंचे सुरेश ने कहा कि यह हारने या जीतने का विषय नहीं है, बल्कि बात इस परंपरा की है कि लोकसभा अध्यक्ष सत्तारूढ़ दल का होगा और उपाध्यक्ष विपक्ष का रहेगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि पिछली दो लोकसभाओं में उन्होंने उपाध्यक्ष पद हमें नहीं दिया और कहा कि आपको विपक्ष के रूप में मान्यता नहीं मिली है। अब हमें विपक्ष के रूप में मान्यता मिली है तो उपाध्यक्ष पद पर हमारा अधिकार है। लेकिन वे हमें इस पद को देने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री के सहमति से काम करने के आह्वान के मात्र 24 घंटे के अंदर सरकार का यह रुख देखने को मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर परंपराओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

#### लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस कर रही पाखंड



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस को "आपातकाल के काले दिनों" की याद दिलाते हुए पूछा कि क्या लोकसभा अध्यक्ष के लिए कोई ऐसा चुनाव हुआ है, जिसमें विपक्ष ने यह शर्त रखी हो कि अध्यक्ष पद पर आम सहमति बनने से पहले उपाध्यक्ष का फैसला किया जाए। 1975 में इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के मुद्दे पर कांग्रेस पर "पाखंड और दोहरी बात" करने का आरोप लगाया और कहा कि मुख्य विपक्षी दल की "मानसिकता" में लोकतंत्र के लिए कोई जगह नहीं है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस, जो परंपरा के नाम पर उपाध्यक्ष पद के लिए होड़ कर रही थी, खुद अपने द्वारा शासित राज्यों में मानदंड का पालन नहीं करती है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना और कर्नाटक की विधानसभाओं में कांग्रेस के अपने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष हैं, जबकि इंडिया ब्लॉक के घटक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), डीएमके और वाम दलों के पास क्रमशः पश्चिम शेष पेज 7 पर

### अमित शाह 29 जून को कुरुक्षेत्र में लेंगे हरियाणा भाजपा की बड़ी बैठक

## विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम मुद्दों पर होगा बारीकी से मंथन

मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक और संगठन पदाधिकारी रहेंगे मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आगामी 29 जून को कुरूक्षेत्र में हरियाणा भाजपा की कार्यकारिणी के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की रणनीति पर दिशा निर्देश देंगे। भाजपा लगातार तीसरी बार राज्य की सत्ता हासिल करना चाहती है और हालिया लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उसकी जीत की राह में बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।

साफ जाहिर है कि ऐसे में भाजपा अपनी चुनावी रणनीति को चाक चौबंद करने में जुटी है। अमित शाह के दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा सभी जरूरी तैयारियों में जुटी है। इस महत्वपूर्ण बैठक में शाह के अलावा मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, सह चुनाव प्रभारी बिप्लब देब, ओपी धनखड़, सुधा यादव, कैप्टन अभिमन्यु के अलावा राज्य सरकार के मंत्री, पार्टी के सभी सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। हरियाणा में अबकी बार लोकसभा चुनाव में भाजपा अपनी पांच सीट नहीं बचा पाई। 2019 में भाजपा ने सभी दस लोकसभा सीट जीती थी लेकिन इस बार मात्र पांच सीट ही अपने खाते में हासिल कर सकी।

कांग्रेस ने भाजपा से पांच लोकसभा सीटें तो छिनी ही साथ ही इसे विधानसभा सीटों के नजरिए से देंखे तो कांग्रेस 46 सीटों पर बढ़त बनाने में भी कामयाब रही। भाजपा 42 सीटों पर आगे रही। प्रदेश में इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को 46.06 फीसद वोट प्राप्त हुए, कांग्रेस 43.73 फीसद वोट ले गई। जबकि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 58 फीसद था। 5 सालों में पार्टी का प्रदेश में 11.06 वोट प्रतिशत घटा है। वहीं, कांग्रेस शेष पेज 7 पर

#### सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में

भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व हरियाणा में पार्टी की वर्तमान स्थिति को लेकर सतर्क है। जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं और जजपा और आईएनएलडी की अति कमजोर हालत के चलते राज्य में सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही तय है। राज्य सरकार के कई मंत्री लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी को जीत नहीं दिला पाए और प्रदेश भाजपा के कई बड़े नेताओं के हलकों में कांग्रेस बढ़त हासिल करने में कामयाब रही। इसके शेष पेज 7 पर

## लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे राहुल गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तो अब ये तय हो गया कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निवास पर हुई इंडिया गठबंधन दलों की बैठक में सभी ने एक सुर में राहुल गांधी से आग्रह किया कि वे इस जिम्मेदारी को संभालें। इससे पूर्व कांग्रेस पार्टी की



उच्चाधिकार प्राप्त सीडब्लूसी ने प्रस्ताव पारित कर राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के पद पर बिठाये जाने की वकालत की थी। राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता बनकर संसदीय विधि विधानों में उलझने के बजाय कांग्रेस संगठन की 'ओवरहॉलिंग' उसे देशभर में चुस्तदुरुस्त करने में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मदद करना चाहते थे। वे लगातार वरिष्ठ नेताओं को इस बात के संकेत दे रहे थे कि किसी अन्य नेता को क्या ये जिम्मेदारी दी जा सकती है? मगर, शीर्ष नेतृत्व में कोई भी राहुल गांधी की जगह अन्य नाम पर सहमत नहीं हुआ। नेतृत्व का मानना है कि देशव्यापी यात्रा के बाद राहुल गांधी की छवि जिस मेहनकश, लोकप्रिय नेता के रूप में उभरी है अब समय आ गया है जब वे लोकप्रहरी बनकर संसद में लोक आवाज बनें। सड़क पर आमलोगों के सवालों को उठाया अब बतौर विपक्ष के नेता केंद्र को संसद से सड़क तक घेरें। विपक्षी दल के विभिन्न प्रतिनिधियों ने भी राहुल शेष पेज 7 पर

टोकायेव ने दी पीएम मोदी को जीत की बधाई

## प्रधानमंत्री मोदी ने की कजाकिस्तान के राष्ट्रपति के साथ फोन पर वार्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट टोकायेव के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति टोकायेव ने पीएम मोदी को लगातार तीसरी बार दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में निर्वाचित होने पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति टोकायेव को अस्ताना में आयोजित किए जाने वाले आगामी एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए भारत का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

साथ ही इस बात पर विश्वास व्यक्त किया कि कजाकिस्तान का नेतृत्व क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने में बहुत योगदान देगा। दोनों नेताओं ने भविष्य में संपर्क में बने रहने पर भी सहमति जाहिर की है। पीएम मोदी ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति की शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## छात्रों, अभिभावकों की चिंताओं, सुझावों संग जल्द बनाएंगे एक मजबूत तंत्रः डॉ.राधाकृष्णन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा में धांधली को लेकर देश में मचे बवाल के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार के लिए गठित की गई सात सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि देश में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर बने हुए समूचे तंत्र में सुधार के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर गठित की गई समिति की बीते



सोमवार को पहली बैठक हुई है। इसमें हमारी पहली प्राथमिकता छात्रों, अभिभावकों की चिंताओं और सुझावों शेष पेज 7 पर

### गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में 'आपातकाल की बरसी' पर हुआ आयोजन

## कांग्रेस ने संविधान को बार-बार नुकसान पहुंचाया : कैप्टन अभिमन्यु



- *1 लाख 40 हजार लोगों को बिना अपराध के जेलों में ठूंस-ठूंस कर भरने का पाप कांग्रेस ने किया*
- *कांग्रेस ने 75 बार संविधान में संशोधन किया, 90 बार चुनी गई सरकारों को बर्खास्त किया*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ गुरुग्राम

पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने मंगलवार को यहां कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या करने और संविधान को बार-बार नुकसान पहुंचाने का पाप किया है। आपातकाल को भारत के लोकतंत्र का काला अध्याय बताते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर नागरिकों को मूलभूत अधिकारों से वंचित किया था। बिना अपराध किए और बिना कोई गलती किए 1 लाख 40 हजार लोगों को कांग्रेस की सरकार ने जेलों में ठूंस-ठूंस कर भर दिया। इंदिरा गांधी ने लोकतांत्रिक देश में भारत माता को शर्मशार करने का पाप किया।

मंगलवार को पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय गुरुकमल में आपातकाल की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। इस मौके पर कैप्टन अभिमन्यु ने लोकतंत्र सेनानियों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम को लोकतंत्र शेष पेज 7 पर

#### कांग्रेस ने 75 बार संविधान में संशोधन किया

कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि यह वही कांग्रेस है जिसने 75 बार संविधान में संशोधन किया। धारा 356 के माध्यम से चुनी गई सरकारों को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने करने वाली भी कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 90 बार चुनी गई राज्य सरकारों को बर्खास्त करने का घोर पाप किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासन के दौरान एक भी राज्य के खिलाफ अनुच्छेद 356 का प्रयोग नहीं किया गया।

#### भाजपा कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

भाजपा के कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि अब कार्यकर्ताओं का धर्म बनता है कि वे समाज के अंदर चेतना जागृत करने का काम करें। कांग्रेस की सच्चाई जनता के सामने लेकर आएं और कांग्रेस के काले इतिहास की कलई खोलें। जनता को बताएं कि कांग्रेस सनातन को गाली देने वाली पार्टी है। संविधान को खतरे में बताकर लोगों को बरगलाने शेष पेज 7 पर






## हादसा मंगलवार तड़के 3 बजकर 27 मिनट पर हुआ, घर का लोहे का मुख्य गेट अंदर से था बंद

# छावला: इंवर्टर की आग ने लील ली परिवार के चार सदस्यों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छावला इलाके के प्रेम नगर में घर में लगी आग से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मंगलवार तड़के घटना सामने आई। मरने वालों में दंपति हीरा सिंह कक्कड़ (50) और नीतू (40) के अलावा इनके दो बेटे चिराग उर्फ रॉबिन (22) और लक्ष्य (21) शामिल है।

पुलिस ने सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए राव तुलाराम अस्पताल की मॉर्चरी भिजवाया है। आग इंवर्टर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। पुलिस के मुताबिक तड़के 3 बजकर 27 मिनट पर मकान नंबर 14 बी, जेड ब्लॉक प्रेम नगर, पपरावट छावला में घर के अंदर आग की सूचना मिली थी। पता चलते ही पुलिस और दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। घर का लोहे का मुख्य गेट अंदर से बंद था। किसी तरह उसे तोड़ा गया। आग घर की पहली मंजिल पर लगी थी। चार लोगों को अचेत हालत में निकालकर हॉस्पिटल भेजा गया, जहां डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मौके पर क्राइम और एफएसएल की टीम ने पहुंच जांच पड़ताल की। शुरुआती जांच में पुलिस का कहना है कि आग पहली मंजिल पर शॉट सर्किट के कारण मुख्य गेट के पास रखे इंवर्टर में लगी थी, जिसकी चपेट में सोफा व अन्य चीजें भी आ गई। धुएं से दम घुटने के कारण सभी की मौत हो हुई है। हीरा सिंह विकासपुरी एरिया में एक गुरुजी के यहां पर बतौर कैमरामैन काम करते थे। उनका काम सत्संग की कवरेज करने का था। उनकी पत्नी हाउस वाइफ थी, जबकि बड़ा बेटा बीमार रहता था।



### पीड़ितों के परिजनों से मिली सांसद कमलजीत

दिल्ली भाजपा की महामंत्री एवं पश्चिम दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत ने मंगलवार सुबह प्रेम नगर, नजफगढ़ में पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह प्रेम नगर, नजफगढ़ में एक मकान में बैट्री इंवर्टर फटने से आग लगी एवं घर में दम घोटू धुंआ भर जिसके चलते हीरा कक्कड़, उनकी पत्नी एवं दो बच्चों की दुखद मृत्यु हो गई। दुर्घटना का समाचार मिलते ही दिल्ली भाजपा की महामंत्री एवं पश्चिम दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत ने प्रेम नगर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और हीरा कक्कड़ की माता एवं परिजनों से मिल कर भाजपा परिवार की ओर से संवेदना प्रकट की। कमलजीत सहरावत ने अपने साथ परिवार से मिलने आये निगम पार्षद अमित खड़खड़ी को परिजनों की हर संभव मदद करने का निर्देश दिया। सांसद कमलजीत ने कहा कि एक परिवार के चार सदस्यों की इस हादसे में मृत्यु दुखद है और हमें संदेश देती है कि तेज गर्मी के इस मौके पर बिजली उपकरणों का सावधानी से उपयोग करें।

### सफदरजंग अस्पताल में लगी आग, एक नर्स का करवाया गया रेस्क्यू



**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में पुरानी इमरजेंसी बिल्डिंग के एक स्टोर रूम में मंगलवार को आग लग गयी। आग में फंसी एक नर्स को दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग (डीएफएस) के कर्मचारियों ने रेस्क्यू करवाया। घटना में किसी जनहानि की खबर नहीं है। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से एक नर्स को उतारकर सुरक्षित बाहर लाया गया। कुछ ही देर में स्थिति नियंत्रण में कर ली गई। आग की वजह से किसी भी मरीज पर कोई असर नहीं पड़ा है। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि अग्निशमन विभाग को सुबह करीब 10 बजकर 40 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। सफदरजंग अस्पताल की पुरानी इमरजेंसी बिल्डिंग के गेट नंबर छह पर आग लगी थी। सात दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गयी। आग एक स्टोर रूम में लगी थी। घटना के समय अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. आयुष ने बताया कि उन्हें करीब साढ़े 10 बजे आग लगने के बारे में पता चला। थाना सफदरजंग अस्पताल के समीप है और पुलिसकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अग्निशमन कर्मियों के साथ तालमेल कायम किया। उन्होंने दावा किया कि भूतल पर शॉट सर्किट के कारण आग लगी और धुएं की वजह से एक बुजुर्ग नर्स तीसरी मंजिल पर फंस गयी थी, उन्हें सुरक्षित बाहर लाया गया।

### नोएडा: डीएम ऑफिस में युवक ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह का किया प्रयास, बचाया

एजेंसी ⏭ नोएडा

उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक युवक ने मंगलवार सुबह सूरजपुर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में अपने ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगाने का प्रयास किया हालांकि वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, युवक थाना बादलपुर क्षेत्र के सादोपुर गांव का रहने वाला है और उसकी मां के अनुसार वह नशे का आदी है। सूरजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि युवक का नाम सचिन है। उन्होंने बताया कि सचिन ने बादलपुर थाने की पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। सिंह ने सचिन की शिकायत के हवाले से बताया कि उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी और जब वह थाना बादलपुर में अपनी शिकायत लेकर गया तो वहां पुलिस ने उसकी बात नहीं सुनी, जिससे नाराज होकर उसने जिलाधाकिरी कार्यालय में आत्मदाह करने की कोशिश की। वहीं दूसरी ओर बादलपुर थाने के पुलिसकर्मियों का कहना है कि सचिन से उसके परिवार तथा गांव के लोग काफी परेशान हैं और कुछ दिन पहले बदसलूकी के मामले में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### भाजपा ने की खतरनाक भवनों पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली में एक सप्ताह में तीसरे खतरनाक भवन के गिरने के बाद दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को फिर से निगमायुक्त से एक सप्ताह में पूरी पुरानी दिल्ली का व्यापक सर्वे करवा कर खतरनाक भवनों पर कार्रवाई की मांग की है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर ने मंगलवार को यह बातें कही।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** अज्ञात, **पुत्र:** अज्ञात, **पता:** अज्ञात, **उम्र:** लगभग 20–22 साल, **लिंग:** पुरूष, **कद:** 5 फुट 5 इंच, **रंग:** सांवला, **चेहरा:** लम्बोतर, **शरीर:** पतला, **पहनावा:** नीले रंग की टी–शर्ट व मिलिट्री कलर की कैपरी एवं पैरों में चप्पल पहने हुए है दिनांक 23.06.2024 को केएम पोल नंबर 1529/2जी, डाउन लाइन, ओखला और निजामुद्दीन के बीच, भोगल फ्लाईओवर के नीचे, दिल्ली थाना अन्तर्गत हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया।

इस संदर्भ में **DD No. 1A, dated 23.06.2024** थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

मृतक के पहचान के लिए सब्जीमण्डी शवगृह, दिल्ली में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना– हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फोन: 9212272275, 8750871311**

**DP/8103/Rly/2024 (UIDB)**



HARERA
GURUGRAM

## सार्वजनिक सूचना

**मेसर्स सिग्नेचरग्लोबल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किए जा रहे गुरुग्राम के हयातपुर सेक्टर 89 गांव में स्थित सिग्नेचर ग्लोबल प्रॉक्सिमा –1 नामक प्रोजेक्ट के लिए बिल्डिंग प्लान्स के संशोधन के संबंध में आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए सार्वजनिक सूचना।**

यह प्रमोटर मेसर्स सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही परियोजना सिग्नेचर ग्लोबल प्रॉक्सिमा –1 के आवंटियों की जानकारी के लिए है। परियोजना को पहले 31.12.2019 को हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम के साथ पंजीकरण संख्या 77/2019 दिनांक 31.12.2019 के तहत पंजीकृत किया गया था।

यह भी सूचित किया जाता है कि निदेशक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने समाचार–पत्रों के माध्यम से तथा पंजीकृत डाक के माध्यम से पत्र भेजकर सभी संबंधित आवंटियों से आपत्तियां आमंत्रित करने के पश्चात् ज्ञापन संख्या जेडपी–1351/पीए(डीके)/2024/11842, दिनांक 10.04.2024 के तहत संशोधित भवन योजना को मंजूरी दे दी है तथा उस पर विचार करने के पश्चात संशोधित भवन योजना को मंजूरी दे दी है और उसके पश्चात प्रमोटरों ने पूर्व में पंजीकृत क्षेत्र अर्थात 5 एकड़ के साथ अतिरिक्त क्षेत्र अर्थात 0.44375 एकड़ के लिए मौजूदा पंजीकरण अर्थात 2019 के 77 दिनांक 31.12.2019 में संशोधन के लिए प्राधिकरण से संपर्क किया है।

रियल एस्टेट विनियमन एवं विकास अधिनियम, 2016 की धारा 14(2)(I) के प्रावधानों के अनुसार परियोजना के भीतर स्वीकृत योजना में किसी भी परिवर्तन या परिवर्धन के लिए कम से कम दो तिहाई आवंटियों की लिखित सहमति आवश्यक है। प्रमोटरों ने 726 में से 488 आवंटियों की लिखित सहमति प्रस्तुत कर दी है, जो कुल आवंटियों की संख्या के दो तिहाई से अधिक है।

संबंधित योजनाएं, स्वीकृतियां, सहमति और आवेदन के दस्तावेज हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम के कार्यालय में उपलब्ध हैं, जिन्हें कोई भी संबंधित व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अर्थात प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक 05.07.2024 तक आपत्तियां दर्ज करा सकता है। यदि किसी को उनके द्वारा दी गई सहमति के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह 08.07.2024 को सुबह 11 बजे प्राधिकरण के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो सकता है और अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकता है।

प्राधिकरण के अनुमोदन और उसकी मुहर के तहत दिया गया।

एसडी–
सचिव,
हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम

दिनांक 26. 06. 2024


# उम्मीद है कि हाईकोर्ट जैन की जमानत याचिका पर नौ जुलाई को फैसला सुनाएगा: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि दिल्ली हाईकोर्ट धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि जमानत के मामलों को अनावश्यक रूप से स्थगित नहीं किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए स्थगित करने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका का निपटारा करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि यह कहने की जरूरत नहीं है कि जमानत के मामलों को अनावश्यक रूप से स्थगित नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए, हमें उम्मीद है और भरोसा है कि हाईकोर्ट सुनवाई की अगली तारीख पर अपना फैसला सुनाएगा। हाईकोर्ट ने जैन की ज़मानत याचिका पर सुनवाई नौ जुलाई को तय की है।

### लंबे स्थगन आदेश को चुनौती दी

सुनवाई के दौरान जैन की ओर पेश से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि उन्होंने लंबे स्थगन आदेश को चुनौती दी है। सिंघवी ने कहा कि इस मामले से कानून का एक बड़ा सवाल खड़ा हुआ है कि क्या जांच एजेंसी द्वारा अधूरे आरोपपत्र दाखिल करके आरोपी के 'डिफॉल्ट' जमानत के अधिकार को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह का एक मामला शीर्ष अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष विचाराधीन है और उन्होंने अवकाशकालीन पीठ से आग्रह किया कि जैन की जमानत याचिका को भी इसके साथ संलग्न कर दिया जाए। न्यायमूर्ति मिश्रा ने सिंघवी से कहा कि पीठ में दो न्यायाधीश हैं, इसलिए वह इस मुद्दे पर निर्णय नहीं कर सकती, जो तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष विचाराधीन है। पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर हाईकोर्ट को निर्णय लेने दीजिए, फिर हम इस पर विचार करेंगे। हाईकोर्ट तथ्यात्मक पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले के गुण-दोष पर विचार करेगा। पीठ ने यह भी कहा कि संबंधित आदेश केवल एक पंक्ति का स्थगन आदेश है। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ एक कानूनी मुद्दे पर विचार कर रही है और दो न्यायाधीशों की पीठ द्वारा इस पर विचार करना उचित नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह याचिका दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ है, जिसमें जमानत याचिका पर सुनवाई नौ जुलाई तक स्थगित कर दी गई है।

# कीर्ति नगर : ड्रग्स के लिए वाहन चोरी करने वाले दो धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की कीर्ति नगर पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम जतिन पाहवा और अशमीत लांबा है। दोनों सिर्फ ड्रग्स के लिए वाहन चोरी करते थे। इन्हें चैकिंग के वक्त पकड़ा गया। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी की चार स्कूटी और एक बैग बरामद किया है। आरोपियों के पकड़े जाने पर पुलिस ने 11 मामले सुलझाने का दावा किया है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि दोनों युवकों को मानसरोवर गार्डन एरिया में अलग अलग स्कूटी के साथ पकड़ा गया। इनके पास से मिली स्कूटी कीर्ति नगर और मोती नगर क्षेत्र से चुराई गई थी। पूछताछ में पता चला कि दोनों युवक विदेशी नागरिक विक्टर से हेरोइन लेने के लिये ही वाहन चोरी करते थे। वह चोरी की स्कूटी विक्टर को देकर उससे छह से 10 ग्राम हेरोइन लेते थे। जतिन शारदापुरी, रमेश नगर का रहने वाला है। उसने डीयू के अग्रसेन कॉलेज से बीबीए की है। वह एक फार्मास्युटिकल कंपनी के लिए एमआर का काम कर चुका है। कोरोना के दौरान उसकी नौकरी छूट गई थी। इसके बाद वह गलत संगत में पड़ नशे का सेवन करने लगा। वह एनडीपीएस एक्ट के केस में एक बार हिमाचल प्रदेश में अरेस्ट भी हो चुका है। दूसरा आरोपी 12वीं की पढाई बीच में ही छोड़ चुका है। एक असफल रिश्ते के बाद उसने ड्रग्स लेना शुरु कर दिया था।



## गाजीपुर इलाके का मामला

# ज्वैलरी शॉप के मैनेजर से पांच लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गाजीपुर इलाके में पांच लाख की रंगदारी मांगने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बादल कुमार पाठक उर्फ छोटू (25) यूट्यूब पर गैंगस्टरों के वीडियो से प्रभावित था। पुलिस ने इसका मोबाइल फोन को भी जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार 23 जून को मयूर विहार फेज 3 के रहने वाले अलुक्का गोल्ड पैलेस, मयूर पंकज प्लाजा के मैनेजर के पास एक अज्ञान नंबर से कॉल आई थी। फोन करने वाले ने पांच लाख की रंगदारी मांगी। इस बाबत मिली शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज उस नंबर को जांच के दायरे में लिया, जिससे कॉल मिली थी। टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से पुलिस ने स्मृति वन मयूर विहार फेज 3 में ट्रैप लगा आरोपी को दबोच लिया। इसके पास से बरामद किए गए मोबाइल को चैक करने पर पता चला कि उसने गूगल पर ज्वेलर्स के नंबर भी खोजे थे। आरोपी ने बदमाशों के वीडियो से प्रभावित होकर मयूर विहार इलाके में ज्वेलरी की शॉप चलाने वाले लोगों से रुपए ऐंठने की योजना बनायी थी। इस काम के लिए उसने अपने पुराने कीपैड फोन का इस्तेमाल किया था। कॉल करने के लिए अपने दोस्त राहुल से सिमकार्ड भी उधार लिया था। आरोपी ने मयूर विहार की कई ज्वेलरी शॉप के मालिकों को फोन कर जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी मूलरुप से मुंगेर बिहार का रहने वाला है।



### कैब ड्राइवर को लूटपाट के दौरान गोली मारने वाला अयोध्या से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमर कॉलोनी इलाके में एक कैब ड्राइवर को लूटपाट के दौरान गोली मारने वाले यूट्यूबर व रैपर को अरेस्ट किया गया है। आरोपी आर्यन राजवंश कंप्यूटर साइंस से बीटेक कर चुका है। इसे अयोध्या, यूपी से पकड़ा गया है। इसके पास से लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद हो गया है। पुलिस के अनुसार 23 जून की देर रात अमर कॉलोनी थाने को फायरिंग की कॉल मिली थी। पुलिस श्रीनिवासपुरी के एक पेट्रोल पंप पर पहुंची। पता चला कि कैब चालक कुलभूषण शर्मा (38) को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उसने पुलिस को बताया कि द्वारका मोड से कैब आईएसबीटी कश्मीरी गेट तक के लिए ली गई थी। बंदूक की नोक पर उसका मोबाइल लूट लिया गया। जान बचाकर वह कैब से कूद गया तो उसे गोली मारी गई। कालकाजी सब डिवीजन के एसीपी राकेश कुमार शर्मा की टीम ने जांच के दौरान सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज, कैब बुकिंग रिकॉर्ड आदि का विश्लेषण किया। इसके बाद आरोपी की पहचान कर उसे अयोध्या से पकड़ा। आरोपी आर्यन राजवंश ने पूछताछ में खुलासा किया वह द्वारका मोड़ स्थित अपने दोस्त के घर पर अपना सामान लेने के लिए गया था। सामान लेने के बाद उसने द्वारका मोड़ से आईएसबीटी कश्मीरी गेट के लिए कैब बुक की। वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, जिस वजह से उसने पिस्तौल दिखाकर टैक्सी ड्राइवर को लूटने की योजना बनाई और उसका मोबाइल लूट लिया। चालक ने श्रीनिवासपुरी में पेट्रोल भरवाने के लिए गाड़ी रोकी। इसी दौरान टैक्सी चालक ने वहां से भागने का प्रयास किया तो उसने गोली चला दी। गोली चालक के कुल्हे पर लगी थी। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया था। आरोपी तमिलनाडु के एक कॉलेज से कंप्यूटर साइंस में बीटेक कर चुका है। 2022 में पासआउट होने के बाद वह रैपर बन गया। सफलता नहीं मिल पाई और आजकल आर्थिक संकट का सामना कर रहा था।




## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज रेवाड़ी | रेवाड़ी जिले में विभिन्न 35 गांवों में फिरनी पर 1215 अदद स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति व स्थापना। | 21.06.2024 27.06.2024 | 231.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | गंगा :- गांव गंगा जिला सिरसा सीएच. हैड गंगा में 2.00 एमएलडी एमपीएस सहित एसबीआर टेक्नोलॉजी पर आधारित 2 एमएलडी एसटीपी की डिजाइनिंग, निर्माण, प्रचालन इसके पश्चात क्लोरीनेशन सहित सभी सिविल संरचनाओं अर्थात चारदिवारी, पेंट, सी.सी. रोड, प्लिंथ प्रोटेक्शन इत्यादि, वैद्युत, यांत्रिकी, इंस्ट्रयूमेंटेशन कार्य और मौजूदा एमपीएस में 2 अदद मैकेनिकल कोर्स स्क्रीन की स्थापना समेत 6 वर्ष हेतु एसटीपी और एमपीएस का प्रचालन और रखरखाव समेत 3 माह के ट्रायल रन के पश्चात 12 की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि, गांव गंगा, जिला सिरसा में एसटीपी का निर्माण और सीवरेज सिस्टम का प्रावधान। | 22.06.2024 08.07.2024 | 474.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कालांवाली ग्रामीण :- गांव में राइजिंग मेन और वितरण पाइप लाइन बिछाना, बी/एस पर यूजीआर, पम्प चेम्बर, चारदिवारी के निर्माण, मशीनरी का पी/एफ और जलघर पर विविध कार्य हेतु डीएनआईटी। कालांवाली ग्रामीण :- सीएच. टू कालांवाली ग्रामीण :- गांव कालांवाली जिला सिरसा में वितरण प्रणाली के अपग्रेडेशन और बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण हेतु आकलन (माननीय सी.एम. और एम.पी. द्वारा जन संवाद के दौरान मांग) [कार्य कोड : पीयूएच/2023-24/95875] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी)-जलापूर्ति संवर्धन} + 2 कार्य। | 20.06.2024 04.07.2024 | 282.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कुरंगावाली गांव :- आरसीसी फिल्टर बैड, एचएलटी, स्वच्छ जल टैंक, सीडब्ल्यूएसडब्ल्यू, आरडब्ल्यूएसडब्ल्यू, सी/चेम्बर का निर्माण, आरसीसी पाइप चैनल बिछाना, गांव में एस/एस टैंक का निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाना और जलघर पर विविध मरम्मत कार्य हेतु डीएनआईटी, सीएच.टू :- कुरंगावाली :- गांव कुरंगावाली, जिला सिरसा में जलापूर्ति योजना के पुनरोद्धार / संवर्धन और वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण हेतु आकलन (माननीय सी.एम. और एम.पी. द्वारा जन संवाद के दौरान मांग) [कार्य कोड : पीयूएच/2023-24/8405] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी)-जलापूर्ति संवर्धन} + 3 कार्य। | 20.06.2024 05.07.2024 | 760.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | पिलाना1 - गांव पिलाना में मेन बस स्टैंड चौपाल का पुनरोद्धार + 18 कार्य। | 21.06.2024 08.07.2024 | 201.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | जिला परिषद पलवल | जिला परिषद, पलवल, ग्रुप-ए (रोड आईडी-691, 746, 763, 726, 8276, 8579, 8309, 8329) के विभिन्न सम्पर्क सड़कों की वार्षिक मरम्मत, वित्तीय वर्ष 2024-25 + 4 कार्य। | 20.06.2024 28.06.2024 | 39.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015379500 prexeeng.pwl@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में गांव कोरियावास में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में साइनेज कार्य। | 18.06.2024 01.07.2024 | 245.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | गांव आसन जिला रोहतक के आसन माइनर के आरडी 30015 / एल से नानसेर तालाब को भरना + 2 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 20.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | गांव सांकरोड में श्याम सुन्दर वाटिका के पीछे आईपीबी सहित फिरनी की पेवमेंट + 3 कार्य। | 22.06.2024 01.07.2024 | 64.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | गांव पंचगांव ब्लॉक बाढड़ा (पी. समिति) में सोमबीर पुत्र करतार के मकान से वृद्धाश्रम तक नाला का निर्माण और पाइप लाइन बिछाना। | 22.06.2024 01.07.2024 | 6.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज भिवानी | 648 - गांव सोहनसारा, ब्लॉक लोहारू में फिरनी का निर्माण, स्कीम एचआरडीएफ। | 19.06.2024 28.06.2024 | 83.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 12 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ एट पंचकूला | अम्बाला जिले में आरसीएस उडान स्कीम के तहत फ्लाइट ऑपरेशंस को प्रारम्भ करने के लिए अम्बाला में सिविल एंक्लेव के लैंड स्केपिंग कार्य का विकास। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 68.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 13 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव ओजलान में खेल ग्राउंड के अंदर हॉल का निर्माण और गांव मिर्जापुर ब्लॉक अम्बाला-1 में शमशान घाट के निकट हॉल का निर्माण + 3 कार्य। | 20.06.2024 27.06.2024 | 75.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज अम्बाला | गांव धनकौर ब्लॉक अम्बाला-II में तालाब की रिटेनिंग वॉल का विवेकपूर्ण निर्माण + 1 कार्य। | 20.06.2024 27.06.2024 | 26.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज करनाल | गांव रोहट पट्टी में शमशान घाट में हैंडपम्प की स्थापना, एससी शमशान घाट में हैंडपम्प की स्थापना, शमशान घाट में हैंडपम्प की स्थापना और गांव सांभली, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में मानसुर मुल्लाना पट्टी के निकट शमशान घाट में रास्ता का निर्माण और हैंडपम्प की स्थापना। | 24.06.2024 01.07.2024 | 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 16 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में कि.मी. 61.29 से 62.29 में सीसी पेवमेंट और कि.मी. 50.48 से 61.29 में बीसी के प्रावधान द्वारा जीन्द बरवाला अग्रोहा आदमपुर रोड (एसएच-10) की विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना)। | 24.06.2024 08.07.2024 | 845.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 17 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह, हरियाणा | बीएमडब्ल्यू हेतु ऑटोमेटेड कचरा संग्रहण प्रणाली सॉफ्टवेयर सर्वर सहित क्यूआर कोड स्टीकर्स की खरीद के लिए निविदा। | बंद होने की तिथि 04.07.2024 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज सांपला, रोहतक | खरावड़ - गांव खरावड़ में नादान पाना चौपाल का पुनरोद्धार, पंचायत-एसएफसी/पीआरआई + 3 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 35.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprsampla@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच–11/2025/360/27154/I/88/7 दि. 25.06.24




## आतिशी का गिर गया शर्करा स्तर, सोडियम लेवल भी हो गया था काफी कम

# पिछले पांच दिनों से पानी सत्याग्रह पर बैठीं आतिशी आईसीयू में भर्ती, अनशन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पिछले पांच दिनों से दिल्ली के भोगल में अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह पर बैठी जल मंत्री आतिशी की मंगलवार को तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। वहीं आतिशी के अस्पताल में भर्ती होने के बाद अनशन को समाप्त कर दिया गया। इस बात की जानकारी आम आदमी पार्टी (आप) ने दी है।

अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार ने आतिशी के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए बताया कि उनकी हालत स्थिर है, लेकिन वह आईसीयू में हैं। उन्होंने कहा कि आतिशी को मंगलवार की सुबह 3:48 बजे इमरजेंसी में लाया गया। जब हमने उनका परीक्षण किया तो उनका ब्लड शुगर बहुत कम पाया गया। इसे देखते हुए उन्हें आईसीयू में रखा गया है। जब आतिशी अस्पताल में भर्ती हुई थी, तब उनका ब्लड शुगर 44 था। यूरीन में कीटोन थे। उनके ईसीजी में भी बदलाव पाए गए हैं। इसलिए उनको आईसीयू में रखना पड़ा। डॉ. सुरेश ने कहा कि सोमवार की शाम को भी एलएनजेपी के डॉक्टरों की टीम ने अनशन स्थल पर जाकर उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया था। उस समय भी उनका ब्लड शुगर लेवल काफी कम था और उनको अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी थी। लेकिन उन्होंने हमें लिखित में कहा कि वो अस्पताल में भर्ती नहीं होना चाहती हैं। इसके बाद हमने ब्रेन से उनका ब्लड सैंपल लिया था, जिसकी रिपोर्ट रात 10 बजे आई। रिपोर्ट देखने के बाद हमने उनसे कहा था कि ब्लड शुगर का लेवल बहुत खतरनाक स्तर पर नीचे पहुंच गया है। यह खतरनाक हो सकता है। उसके बाद भी उन्होंने इंतजार करने को कहा। लेकिन हमारे डॉक्टरों ने उनको तुरंत एडमिट होने की सलाह दी। आईसीयू में भर्ती होने के बाद आज सुबह उनके सारे पैरामीटर्स ठीक हैं। डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनकी देखरेख कर रही है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। वो फल ले रही हैं। अभी कुछ और ब्लड टेस्ट किए जाएंगे।

अब खतरे की कोई बात नहीं है, लेकिन ब्लड शुगर बहुत कम है, जो गिरकर 36 तक आ गया है। यह बहुत ही गंभीर हाइपोग्लाइसीमिया के लक्षण है। उनको सोडियम लेवल भी काफी कम हो गया था। उनका सोडियम 127 था। जब शुगर लेवल बहुत कम हो जाता है, तो उसका असर ब्रेन पर होता है और मरीज हाइपो ग्लाइसीमिया में चला जाता है।

### सोमवार रात से ही आतिशी की तबियत बिगड़ना हो गई थी शुरू : संजय सिंह

आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि डॉक्टर आतिशी को बार-बार सलाह दे रहे थे कि वह अपना अनशन खत्म कर दें। लेकिन आतिशी ने अपना अनशन जारी रखा। इसके चलते सोमवार रात को उनकी तबियत अचानक बिगड़ना शुरु हो गई। मैं करीब रात 1:30 बजे भोगल के अनशन स्थल पर पहुंचा। उस समय तक आतिशी का शुगर लेवल गिरकर 36 तक पहुंच गया था। जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी, वरना उनके जीवन को खतरा हो सकता है। आतिशी की स्थिति को देखते हुए पार्टी ने फैसला लिया और सुबह करीब 3:30 से 4:00 बजे के बीच उन्हें एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। आतिशी अभी भी एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। रात में उनकी स्थिति बेहद गंभीर थी। उनका इलाज चल रहा है। हम सब ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आतिशी जल्द स्वस्थ होकर बाहर आएं।

### 'भाजपा की सरकार जो अन्याय कर रही है, दिल्ली के लोग जरूर देंगे जवाब'

नई दिल्ली। भाजपा की सरकार जो अन्याय दिल्ली के साथ कर रही है, दिल्ली के लोग उसका जवाब ज़रूर देंगे। यह बात सीएम अरविंद केजरीवाल के सोशल मीडिया मंच एक्स पर उनकी टीम ने लिखी है। सीएम केजरीवाल के एक्स पर उनकी टीम ने मंगलवार को लिखा कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी थीं ताकि दिल्ली के लोगों को उनके हक़ का पानी मिल सके। कल रात उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके स्वास्थ्य को लेकर आज हर दिल्लीवासी चिंतित है। भाजपा की सरकार जो अन्याय दिल्ली के साथ कर रही है, दिल्ली के लोग उसका जवाब ज़रूर देंगे। हम सब आतिशी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। इस सत्याग्रह में हर एक दिल्लीवासी उनके साथ है।

### सत्याग्रह आपके बस की बात नहीं : सचदेवा

नई दिल्ली। हम तो 21 जून से कह रहे थे कि सत्याग्रह आपके बस की बात नहीं क्योंकि सत्य से आपका कोई रिश्ता नहीं है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को मंत्री आतिशी के अस्वस्थ होने को लेकर यह बातें कही। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि मंत्री आतिशी स्वस्थ रहें, खुश रहें बस जनता को गुमराह करना छोड़ दें। सचदेवा ने आगे कहा कि सत्याग्रह की मूल भावना होती है सत्य के लिए लड़ना, महात्मा गांधी एवं लाला लाजपत राय से लेकर विनोबा भावे एवं अन्ना हजारे तक सत्याग्रही सत्य को उजागर करने के लिए अनशन करते थे ना कि अपनी प्रशासनिक नाकामियों को छिपाने के लिए जैसा आतिशी ने करना चाहा था।

### अनशन पवित्र मन से किया जाता है दूसरों के बारे में झूठ बोलकर नहीं : मालीवाल

नई दिल्ली। अनशन सच्चे और पवित्र मन से किया जाता है दूसरों के बारे में पूरा दिन झूठी और गंदी बातें बोलकर नहीं। यह बात राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आतिशी पर तंज कसते हुए मंगलवार को कही। स्वाति मालीवाल ने आतिशी पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आतिशी, गांधी जी ने अनशन की पवित्र विधि को सत्याग्रह का नाम दिया था। सत्याग्रह जो हमेशा सच्चे और पवित्र मन से किया जाता है। मैंने दो बार अनशन किया। एक बार 10 दिन और एक बार 13 दिन। मेरे अनशन के बाद देश में बच्चों के बलात्कारियों को फांसी की सजा हो, ऐसा कानून भी बना। संघर्ष की राह बहुत मुश्किल होती है। कई साल जमीन पर संघर्ष करके ही अनशन करने की शक्ति हासिल होती है। दूसरों के बारे में पूरा दिन झूठी और गंदी बातें बोलकर नहीं। खैर, आशा है जल्द आप का स्वास्थ्य ठीक होगा और आप दिल्ली के लोगों के लिए काम करेंगी।

### सरकारों ने दिल्लीवासियों को छोड़ा बारिश के भरोसे : यादव

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी सीएम अरविंद केजरीवाल की जेल से रिहाई पर अपना ध्यान केन्द्रित कर रही है, जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा और आम आदमी पार्टी ने पानी के लिए तरस रही दिल्ली को पूरी तरह बारिश भरोसे छोड़ दिया है। दिल्ली और केन्द्र सरकार दिल्ली की जनता को राहत देने की बजाय एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे है, जो दिल्ली के भविष्य के लिए चिंताजनक है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मंगलवार को आप और भाजपा पर निशाना साधते हुए उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस पिछले डेढ़ महीने से दिल्ली में पानी की भारी कमी के लिए लगातार संघर्ष कर रही है परंतु भाजपा ने आज तक हरियाणा से दिल्लीवालों के लिए पानी छोड़ने की कोई कार्यवाही नहीं की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गरीब आदमी के घर का बजट बिगड़ गया है, पीने के पानी के लिए गरीब आदमी को प्रतिदिन 100 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे है जबकि केजरीवाल सरकार 10 वर्षों से मुफ्त पानी देने की खोखली बयानबाजी कर रही है।

### ईमेल में अधिकारी ने लिखा उपराज्यपाल ने पेड़ों को काटने के निर्देश दिए : भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली के सतबड़ी वन्य क्षेत्र में काटे गए 1100 पेड़ों के मामले में दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को प्रेसवार्ता साक्ष्य प्रस्तुत किये। सौरभ ने प्रेसवार्ता में पत्रकारों को डीडीए विभाग द्वारा की गई ईमेल की प्रतियां दिखाते हुए कहा कि ईमेल में साफ तौर पर डीडीए का यह अधिकारी कह रहा है, कि 3 फरवरी को इस जगह पर उपराज्यपाल ने दौरा किया और उन्होंने ही इन 1100 वृक्षों को काटने का आदेश दिया। जिस आदेश के पश्चात विभाग ने बिना सुप्रीम कोर्ट की अनुमति लिए गैर कानूनी तरीके से इन 1100 वृक्षों को काट दिया। सौरभ ने कहा कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच के समक्ष हुई इस मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के वकीलों ने फिर झूठ बोला। सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई का हवाला देते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पहला झूठ तो केंद्र सरकार की डीडीए ने यह बोला कि लॉ ऑफिसर को इस बात की जानकारी नहीं थी, कि पेड़ों की कटाई के लिए सुप्रीम कोर्ट की अनुमति लेनी होगी, और दूसरा झूठ यह बोला गया कि 3 फरवरी को उपराज्यपाल ने जिस जगह का दौरा किया था, वह कोई दूसरी जगह थी। अपनी बात को सत्यापित करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने डीडीए विभाग के एक बड़े अधिकारी द्वारा अपने चीफ इंजीनियर तथा अन्य अधिकारियों को भेजी गई ईमेल को दिखाया।

### पालम 360 खाप के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

नई दिल्ली। पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सिंह सोलंकी की अगुवाई में खाप के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी का स्वागत किया। इस मौके पर चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि जयंत चौधरी ने आश्वासन दिया है कि दिल्ली देहात में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। दिल्ली देहात में कई स्थानों पर केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और अन्य योजनाओं के तहत स्कूल खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि कॉलेज भी खोलने की भी पहल की जाएगी। सोलंकी ने बताया कि दिल्ली देहात में पिछले 30 साल से एक भी कॉलेज नहीं खुला गया है जबकि देहात की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है और देहात के बच्चों को शहरी इलाकों के कॉलेज में प्रवेश नहीं मिल पाता है या फिर कॉलेज दूर होने के कारण उनमें खासतौर पर लड़कियां प्रवेश नहीं लेना चाहती है। इस कारण वह उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती है। उन्होंने बताया कि देहात में मात्र तीन कॉलेज हैं। इस कारण यहां पांच कॉलेज खोले जाने चाहिए। इस दौरान लाडो सराय 96 खाप के प्रधान नरेश चौधरी, चौ कंवर सिंह प्रधान, टायसन, राज सिंह, ऋषिराज आदि भी मौजूद थे।

### केजरीवाल की जमानत पर रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अधीनस्थ अदालत की ओर से दी गई जमानत पर उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक से असहमत है और इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी। आप के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप की कानूनी टीम अगले कदम पर फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने अधीनस्थ अदालत के फैसले पर ऐसे समय रोक लगाई जब उसके आदेश की प्रति अपलोड भी नहीं की गई थी। मुझे उच्च न्यायालय से कोई उम्मीद नहीं है। भारद्वाज ने कहा कि मेरा मानना है कि उच्च न्यायालय की पीठ पूर्वाग्रह से ग्रस्त थी। हम शीर्ष अदालत का रुख करेंगे। हमारी कानूनी टीम रणनीति पर फैसला करेगी और तय करेगी कि कब शीर्ष अदालत का रुख करना है। उल्लेखनीय है कि अधीनस्थ अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी और उन्हें एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय ने अधीनस्थ अदालत के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी।

### एनडीएमसी : पहले भुगतान करने पर मिलेगी दस प्रतिशत की छूट

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 30 जून 2024 को या उससे पहले कर का भुगतान करने पर संपत्ति कर बिल पर 10 प्रतिशत छूट की घोषणा की है। एनडीएमसी प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि संपत्ति करदाताओं को 10 प्रतिशत छूट प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करने के लिए संपत्ति कर विभाग और कैश शाखा भी 29 जून 2024 (शनिवार) और 30 जून 2024 (रविवार) को खुली रहेगी। एनडीएमसी के करदाताओं को अपने बिलों पर 10 प्रतिशत छूट पाने के लिए 29 जून 2024 (शनिवार) और 30 जून 2024 (रविवार) को भी कर भुगतान जमा कर सकते है।

#### भाजपा ने आपातकाल बंदियों को किया सम्मानित

## दिल्ली भाजपा ने 25 जून 'आपातकाल घोषणा दिवस' को काले दिवस के रूप में मनाया


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को 25 जून आपातकाल घोषणा दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान दिल्ली के अनेक स्थानों पर बैठकों एवं प्रदर्शनी के माध्यम से भाजपा ने लोगों को उस वक्त कांग्रेस द्वारा आम नागरिकों के अधिकार छीनने और प्रताड़ति किए जाने से अवगत कराया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सुबह वरिष्ठ भाजपा नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा से उनके निवास पर जा कर उनके द्वारा आपातकाल के वक्त सहे गए अत्याचारों के साथ ही लोकतंत्र के लिए किए गए त्याग और तपस्या के लिए सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में आपातकाल बंदियों का सम्मान किया गया। दिल्ली प्रदेश भाजपा के माध्यम से आयोजित कार्यक्रमों का संयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने किया। भाजपा नेताओं वी. सतीश, तरुण चुघ, वीरेन्द्र सचदेवा, बांसुरी स्वराज आदि ने आपातकाल बंदियों को जगह जगह कार्यक्रम में सम्मानित किया। वहीं, वीरेन्द्र सचदेवा ने कनॉट प्लेस में युवा मोर्चा द्वारा लगाई आपातकाल की ज्यादतियों की फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान तेजस्वी सूर्य भी सम्मिलित हुए। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने एक प्रेस बयान जारी कर कांग्रेस पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की हत्यारी है और आपातकाल इसका सबूत है। कांग्रेस ने बार-बार अपनी जरूरत के लिए कानून को बदला है और अपने स्वार्थ के लिए कानून का दुरुपयोग भी किया है।

### निगम उपायुक्त ने किया निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्विनी कुमार के निर्देशों के बाद नरेला जोन के उपायुक्त (डीसी) पवन कुमार यादव ने मंगलवार को पहले अपने कार्यालय में सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठक की और उसके बाद क्षेत्र में निरीक्षण को निकल गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरेला जोन के डीसी पवन यादव ने सफाई व्यवस्था और नालों की सफाई के लिए नांगलोई, मुंडका, बवाना, बवाना औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने स्वच्छता विभाग के स्वच्छता अधीक्षक, निरीक्षकों को सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। वहीं, अलीपुर में जन शौचालय का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मंगलवार को स्वच्छता विभाग को सौंप दिया है और अब जरूरतमंद नागरिक इसका उपयोग कर सकते हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय उपायुक्त पवन यादव ने बताया कि अलीपुर में जन शौचालय की लंबे समय से मांग की जा रही थी क्योंकि यहां दिल्ली सरकार का स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, डीटीसी बस पास केंद्र और दोनों तरफ डीटीसी बस स्टैंड हैं और काफी संख्या में लोगों का आवागमन है।



# 41वीं वाहिनी पीएसी में दीक्षांत परेड समारोह आयोजित,यूपी पुलिस को मिले 148 आरक्षी

जिलाधिकारी ने रिक्रूट आरक्षियों को पद एवं गरिमा की शपथ दिलाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह 41वीं वाहिनी पीएसी की सेनानायक शालिनी पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

41वीं वाहिनी पीएसी में भव्य दीक्षांत परेड समारोह मंगलवार को सम्पन्न हुआ। जिसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस की 148 आरक्षी (सिविल) मिल गए। जिनकी नियुक्ति विभिन्न जिलों में होगी। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे। समारोह में जिलाधिकारी ने रिक्रूट आरक्षियों को पद एवं गरिमा की शपथ दिलाई गई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह 41वीं वाहिनी पीएसी की सेनानायक श्रीमती शालिनी पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने परेड का मान सम्मान ग्रहण किया गया तथा परेड का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने परेड कमाण्डरों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित किया।



## डीएम ने दिलाई पद एवं गरिमा की शपथ

शालिनी ने बताया कि उप्र नागरिक पुलिस जवानों का प्रशिक्षण माह-दिसंबर 2023 से इस वाहिनी में चल रहा था। 6 माह का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर उप्र नागरिक पुलिस को 148 जवान मिले जो उप्र की विभिन्न जिलों में नियुक्त होंगे। आंतरिक, बाह्य एवं परेड कमांडरों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रोहित कुमार को सर्वांग सर्वोत्तम, बादल को आंतरिक विषय, अजीत सिंह को बाह्य विषय में प्रथम खिताब प्राप्त किया। उज्जवल तोमर प्रथम परेड कमाण्डर, मयंक पचौरी एवं चेतना तृतीय परेड कमांडर द्वारा भव्य दीक्षांत परेड का संचालन किया।

दीक्षांत परेड समारोह में सेनानायक 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ सचेंद्र पटेल (आईपीएस), उपसेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर विनित भटनागर, उपसेनानायक 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद अल्का धर्मराज सिंह, सहायक सेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर अनिल कुमार यादव व सौदान सिंह, सहायक सेनानायक 41वीं वाहिनी पीएसी शजगवीर सिंह चौहान, शिविरपाल रवींद्र कुमार, सूबेदार सैन्य सहायक गौरव कुमार, आरटीसी प्रभारी विजय सिंह तथा वाहिनी के अधिकारी के साथ रिक्रूट आरक्षियों के पारिवारिक सदस्यों ने समारोह में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### गंदा पानी डालने वाले दो टैंकरों के चालान

**गुरुग्राम।** नगर निगम मानेसर की सैनिटेशन विंग ने मंगलवार को खुले में एसटीपी का गंदा पानी डालने वाले दो टैंकरों के 5-5 हजार रुपये के चालान किए। नगर निगम क्षेत्र की 6 रिहायशी सोसाइटियों के एसटीपी का भी निरीक्षण किया। सैनिटरी अधिकारी एसएस सोढ़ी ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली कि सेक्टर-86 के पास खुले मैदान में अवैध टैंकर एसटीपी का गंदा पानी डालते है। इस पर निगम की सैनिटेशन विंग ने मौके पर दो टैंकरों को पकड़ते हुए उनके 5-5 हजार रुपए के चालान किए।




### कैरम संघ द्वारा आयोजित कैरम प्रतियोगिता का समापन



**फरीदाबाद।** हरियाणा कैरम संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय हरियाणा स्टेट व अंतर जिला कैरम प्रतियोगिता का समापन बड़े उत्साह व अच्छी वातावरण में संपन्न हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त डाप्त आनंद शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ टाउन प्लानर देवेंद्र पाल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। पुरस्कार 10 विभिन्न वर्गों के प्रथम तीन-तीन विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने विजेताओं को बधाई दी व सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया।


### विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**फरीदाबाद।** एक विवाहित महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पति-पत्नी में उधार लिए 50 हजार रुपए को लेकर विवाद था। मृतका के भाई ने जीजा पर उसकी बहन की फंदे पर लटका कर हत्या करने के आरोप लगाए हैं। प्रारंभिक जांच में महिला की मौत को आत्महत्या मान रही है। छानबीन जारी है। शव को पोस्टमार्टम के बाद वारिसों को सौंप दिया गया है।



### चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा 56 की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम दीपक है। अपराध शाखा की टीम सीकरी नाके पर मौजूद थी कि आरोपी चोरी की पल्सर बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचा और पुलिस को देखकर बाइक वापस लेकर भागने लगा जिस पर पुलिस को शक हुआ और आरोपी से मोटरसाइकिल के कागजात मांगे थे परंतु वह कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।



### अदालत से पीओ पर चल रहे आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 17 की टीम ने 18 साल पुराने लूट के मुकदमे में पीओ चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जावेद है जो मेरठ का रहने वाला है। अपराध शाखा 17 ने आरोपी को वर्ष 2006 के लूट के मुकदमे में अदालत द्वारा पीओ घोषित करने के बाद एसटीएफ अंबाला की मदद से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ जनवरी 2006 में सेक्टर 31 थाने में लूट तथा अवैध हथियार की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी के साथ उसके तीन अन्य साथी भी शामिल थे। आरोपी लूट की वारदात को अंजाम देकर मेरठ भाग गया था।



### केंद्रीय राज्यमंत्री ने की सफाई व्यवस्था, जल की निकासी को लेकर समीक्षा बैठक कहा-

# गुरूग्राम एक वैश्विक शहर है, विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों संग बैठक कर गुरूग्राम शहर से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था सहित बरसात के समय होने वाले जलभराव के लिए किए जा रहे इंतजामो की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान जीएमडीए के सीईओ ए. श्रीनिवास, नगर निगम गुरुग्राम के कमिश्नर नरहरि सिंह बांगड़ व डीसी निशांत कुमार यादव से गुरुग्राम में किए जा रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट भी मांगी। इस दौरान बैठक में मण्डलायुक्त रमेश चंद्र बिधान भी मौजूद रहें।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम वैश्विक शहर है। ऐसे में शहरी क्षेत्र में स्थित लोगों को स्वच्छ वातावरण मुहैया कराते हुए अधिकारियों के स्तर पर गंभीरता से प्रयास करते हुए कूड़े व जलभराव की समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने व्यस्ततम इलाकों से कूड़ा उठाने के निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम एक वैश्विक शहर है। ऐसे में शहरी क्षेत्र में स्थित लोगों को स्वच्छ वातावरण मुहैया कराते हुए अधिकारियों के स्तर पर गंभीरता से प्रयास करते हुए कूड़े व जलभराव की समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने समयबद्धता के साथ शहर के व्यस्ततम इलाकों से कूड़ा उठा लिये जाने के निर्देश दिए।

**खास बातें**

- विस्तारित क्षेत्रों के सफाई व्यवस्था, सीवर को ठीक करने की कार्ययोजना
- ड्रेनेज की स्थाई या अस्थाई अवरोधों को हटाया जाए



साथ ही विस्तारित क्षेत्रों के सफाई व्यवस्था, सीवर व्यवस्था को ठीक करने हेतु कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने जोन में भ्रमण कर सभी जीवीपी स्थलों को चिन्हित करें तथा उसे समाप्त करें। उन्होंने सफाई व्यवस्था विशेषकर नालों की सफाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए असंतोष व्यक्त किया।

उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हाल में सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर करें। उन्होंने जीएमडीए के अधिकारियों को कहा कि ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावित करने वाले स्थाई या अस्थाई अवरोध को हटाया जाए। ऐसे अवरोध जिनकी वजह से नालियां अवरूद्ध होती हैं और जल जमाव की समस्या पैदा होती है उनको तत्काल हटाया जाए। साथ ही नालों में कूड़ा डालने वालों से भी सख्ती से निपटा जाए।

### 11 एकड़ में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण का वर्क आर्डर जारी

केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान दमदमा झील में जीएमडीए द्वारा पाइप लाइन द्वारा सीवरेज का शोधित पानी डालने की योजना व गांव वजीराबाद में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण प्रगति की रिपोर्ट भी मांगी। जिस पर संबंधित अधिकारियों ने बताया कि दमदमा झील में ट्रीटेड वाटर को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। केंद्रीय मंत्री ने डीसी निशांत कुमार यादव को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों संग बात करके इसका समाधान निकाले। वहीं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की प्रगति से जुड़ी जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि करीब 88 करोड़ की लागत से 11 एकड़ पर बनने वाले इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण का वर्क आर्डर जारी हो गया है। जल्दी ही धरातल पर काम शुरू हो जाएगा।

समीक्षा बैठक के अंत में केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छ रहें, सभी नागरिक स्वस्थ रहें, ये सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने बैठक में उपस्थित निवर्तमान मेयर मधु आजाद, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव व निवर्तमान पार्षदों से शहर में जारी विकास कार्यों को लेकर सुझाव भी मांगे।

### निगमायुक्त ने सफाई का लिया जायजा, कहा-

# फरीदाबाद के नालों को युद्ध स्तर पर कराएं साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

समूचे नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर निगम आयुक्त मोना ए श्रीनिवासन ने क्षेत्र का तूफानी दौरा कर सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन तीन 3 के एक्सईएन सुशील ठाकरान को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र के अंतर्गत बड़े नालों व नालियों की सफाई व्यवस्था को मानसून शुरू होने से पूर्व साफ किया जाए, ताकि बरसात में लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। एक्सईएन ने बताया कि क्षेत्र के अंतर्गत नाले व नालियों की सफाई के लिए 11 जेसबी, 17 डम्फर व 23 ट्रैक्टर-ट्रालियों मलबा उठाने के लिए लगाई गई है। ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन 3 के सफाई निरीक्षक, उपनिरीक्षकों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके है।



### जलभराव से लोगों को निजात दिलाएं

उधर, नगर निगम के एसीएमसी गौरव अंतिल ने सफाई व्यवस्था को लेकर समूचे नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्डों में कार्य कर रहे एक्सईएन व अन्य अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि इसी माह के अंत तक सफाई नाले नालियों को साफ कर जलभराव से लोगों को निजात दिलाने का काम करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सड़कों के बीच हुए गड्ढों के भराव के अलावा अधूरे पड़े विकास कार्यों की गति को भी तेज करें।

### सौंदर्यकरण को लेकर बनाई योजना

# नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण हरियाली बढ़ाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संभव जनसुनवाई के उपरांत मोहन नगर तथा वसुंधरा क्षेत्र का निरीक्षण किया।। इस दौरान उन्होंने मोहन नगर चौराहा, हिंडन एयर फोर्स चौराहा, शालीमार गार्डन मुख्य एंट्री, साहिबाबाद सब्जी मंडी मुख्य मार्ग, झंडापुर, साहिबाबाद गांव, सूर्य नगर चौराहा, डाबर चौक कौशांबी, व अन्य प्रमुख चौराहों में मुख्य मार्गों का जायजा लिया।जहां की सफाई व्यवस्था मौके पर बेहतर पाई गई। उन्होंने ग्रीनरी बढ़ाने के लिए तथा चौराहों के सौंदर्यकरण के लिए डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी तथा मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी को निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान पैच के कार्यों को देखा गया अधिकांश मार्ग व्यवस्थित थे। झंडापुर मार्ग पर पैच वर्क के कार्य को और गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए।

# मोरटा में चला जीडीए का बुलडोजर अवैध रूप से बसाई कालोनी धवस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का बुलडोजर मोरटा में चला और अवैध अवैध रूप से बसाई जा रही कालोनी धवस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन एक की प्रभारी कनिका कौशिक के नेतृत्व में जीडीए की टीम मोरटा पहुंची और भट्ठा नंबर पांच पर अभियान चलाया गया।

कौशिक ने बताया कि ग्राम मोरटा के खसरा संख्या-284 पर अनिल शर्मा द्वारा निर्माणाधीन अवैध कॉलोनी की बाउण्ड्रीवॉल, सड़कें तथा साइट ऑफिस का ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम-सिकरोड़ के खसरा संख्या-3 पर अवैध निर्माणों को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। ग्राम भोवापुर के खसरा संख्या-153 में निर्मित की जा रही अवैध कालोनी का ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। सहायक अभियंता रुद्रेश शुक्ला भी इस दौरान उपस्थित रहे।



उन्होंने बताया कि बिल्डरों को निर्देशित किया गया कि बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई कार्य न कराया जाए तथा जोन से संबंधित सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा सुपरवाइजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि उक्त अवैध निर्माण पुनः प्रारम्भ न होने पाए। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में सम्पत्ति का क्रय-विक्रय न करें।

# चुन्नी से गला घोटकर की गई पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को किया काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

चौकी सेक्टर-55 प्रभारी और उनकी टीम ने एक सप्ताह पहले के हत्या के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मुबारिक है जो उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले का निवासी है और पिछले करीब 5 साल से फरीदाबाद सेक्टर-56 के आशियाना फ्लैट में रहते हैं।

17 जून को मृतक महिला के भाई इमरान ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी बहन की शादी करीब 16 साल पहले मुबारिक के साथ हुई थी और उनके चार बच्चे हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका जीजा शराब पीने का आदी है और शराब पीकर अक्सर उसकी बहन के साथ मारपीट करता था। उन्होंने अपने जीजा को कई बार समझाया लेकिन वह नहीं माना। 17 जून को सुबह सूचना मिली कि आरोपी ने चुन्नी से गला घोटकर हत्या कर दी।

### पत्नी का किसी से अवैध संबंध होने का शक था

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां मृतक महिला का शव बेड पर पड़ा हुआ था और उसके गले में चुन्नी लपेटी हुई थी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी मुबारिक और तीन अन्य के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश की गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को सेक्टर 56 एरिया से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सूर्य ट्रैवल्स नामक ट्रैवल कंपनी में बस ड्राइवरी का काम करता है जो वारदात की रात आरोपी सालासर से बस लेकर वापस आया था। जब वह अपने घर पहुंचा तो बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। आरोपी को अपनी पत्नी का किसी अन्य के साथ अवैध संबंध होने का शक था। इसी के चलते दोनों में झगड़ा हुआ जिसमें आरोपी ने अपनी पत्नी की चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस द्वारा पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेजा जाएगा। पुलिस द्वारा मामले में जांच जारी है और इसमें शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

### 9000 नंबर के लिए 1 लाख 15 हजार रुपए की बोली

# नई सीरीज एचआर 51 सीपी के मनपसंद नंबरों के लिए वाहन मालिकों ने लगाई लाखों की बोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद एसडीएम शिखा अन्तिल ने कहा कि वाहन संख्या एचआर 51 सीपी की नई सीरीज के मनपसंद नंबर के लिए वाहन मालिकों द्वारा बोली लगाई गई है।

**एचआर 51 सीपी की नई सीरीज शुरू की गई:** एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल ने बताया कि रजिस्ट्रीज़ अथॉरिटी फरीदाबाद में वाहन संख्या एचआर 51 सीपी की नई सीरीज शुरू की गई। नई सीरीज के वाहन संख्या एचआर 51सीपी के लिए बोलीदाता रजिस्ट्रेशन नंबर के लिए हाजिर आए। जिन्होंने इन रजिस्ट्रेशन नंबर के लिए बोली लगाई। उन्होंने आगे बताया कि इस 9000 नंबर के लिए 1 लाख 15 हजार रुपए की, 1111 नंबर के लिए 1 लाख 10 हजार रुपए की, 1000 नंबर के लिए 1 लाख रुपए की और 1717 नंबर के लिए 80 हजार रुपए की बोली लगाई गई है।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**परिणाम**

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 10.01.2024 को महिला एवं बाल विकास विभाग (विज्ञा. सं. 13/2022) में जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला) के पदों हेतु विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई थी। निम्नलिखित अनुक्रमांक वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा हेतु बुलाये जाने के लिए अंतरिम रूप से क्वालीफाइड घोषित किया गया है, जो सभी अन्य पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है। नीचे दर्शाये गये अनुक्रमांक आरोही क्रम में हैं और मैरिट के क्रम में नहीं :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 401 | 402 | 403 | 407 | 408 | 409 | 410 | 411 |

**टिप्पणी :-**

1. यद्यपि परिणाम तैयार करने में यथोचित सावधानी बरती गई है। तथापि, अनजाने में किसी त्रुटि से इंकार नहीं किया जा सकता है। आयोग किसी त्रुटि को बाद में किसी स्तर पर सुधारने का इसका अधिकार सुरक्षित रखता है।
2. परिणाम आयोग की वेबसाइट अर्थात https://hpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।
3. साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा 05.07.2024 को आयोजित की जाएगी।

**दिनांक : 25.06.2024**

**हस्ता/- सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**पंचकूला**

संवाद-1156/13/257/2025/27160/88/7 दि. 25.06.24

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा यू/एस 82 (2) (ii) CrPC देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नामः काशी राम, पुत्रः भूपल सिंह, निवासीः आरजेडजी-64, निहाल विहार, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 154/2014, दिनांक 09/03/2014 , U/s 380/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना निहाल विहार, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **काशी राम** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **काशी राम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **काशी राम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पी. भार्गव राव**
**एमएम, कमरा नं. 292**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7865/OD/2024**

**पहचान की अपील**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, **पुत्र** अज्ञात **पता** अज्ञात जिसकी **उम्र** करीब 55-60 वर्ष, **कदः 5'7", रंगः** गेहुँआ, जिसने सफेद रंग की शर्ट और भूरे रंग का लोअर पहना है जो कि 19/06/2024 को सायं 07:03 बजे आजाद मार्केट के सामने टी-57 टोकरीवालान मोहल्ला, लाइब्रेरी रोड, दिल्ली में मृत मिला। जिसके मृत शरीर को 72 घंटे के लिए पहचान के लिए एएएजी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **DD No.35A, दिनांकः 19.06.2024 u/s 174 Cr.PC** थाना बाडा हिन्दू राव, दिल्ली में दर्ज है।



इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थानाः बाडा हिन्दू राव, दिल्ली**
फोन नं. 011-23529707, 23528060
मो.: 8750870125

दि.पु./7930/उत्तर/2024

हरियाणा सरकार



"हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के हर वंचित और जरूरतमंद को घर जैसी मूलभूत सुविधा वरीयता के आधार पर उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार पात्र लाभार्थियों को प्लॉट वितरण कर सहायता प्रदान कर रही है।"

**- नायब सिंह**

"हमारी सरकार ने गरीबों के लिए आवास की समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। तेज गति से पक्के मकान बनाए जा रहे हैं।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना

## अब हरियाणा में होगा सबके घर का सपना पूरा

**प्रथम चरण में हरियाणा के 14 शहरों में ड्रॉ के माध्यम से करीब 15,250 प्लॉट का आवंटन**

- जगाधरी
- रोहतक
- रेवाड़ी
- पलवल
- सिरसा
- झज्जर
- चरखी दादरी
- गोहाना
- पिंजौर
- करनाल
- महेन्द्रगढ़
- सफीदों
- फतेहाबाद
- जुलाना

- एक मरला प्लॉट मात्र एक लाख रुपये में
- मकान निर्माण हेतु 'प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी' के अंतर्गत 1.5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान
- बैंकों/वित्तीय संस्था से घर निर्माण के लिए कम ब्याज पर 6 लाख रुपये तक के गृह ऋण की सुविधा का प्रावधान

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह**

मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री सुभाष सुधा**

राज्य मंत्री

सभी के लिए आवास (स्वतंत्र प्रभार), हरियाणा

**दिनांक - 26 जून, 2024 । समय - प्रातः 10 बजे**

**स्थान - टैगोर ऑडिटोरियम, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक**

**अधिक जानकारी के लिए**

संपर्क करें : 0172-3520001

अथवा

वेबसाइट www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

## लाइफ Style

# जाह्नवी बुरी तरह हुई ट्रोल



जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'

## हॉलीवुड मसाला



# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।




# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑस्ट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।




# '35 चिन्ना काडू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

# करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।



# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।



# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

## 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

## लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।



**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।

## 500 करोड़ रुपए की परियोजना से जुड़ी प्रक्रियाओं को तेजी से करें पूरा

# पीएम मेगा टेक्सटाइल पार्क परियोजना के क्रियान्वयन को प्रदान की जाए रफ्तार

» 2025 होगा उद्योग वर्ष, निवेश बढ़ाने मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख उद्योगपतियों से करेंगे चर्चा

» मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की उद्योग प्रोत्साहन गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धार जिले में इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के लिए वस्त्र मंत्रालय द्वारा स्वीकृत 500 करोड़ रुपए की परियोजना से जुड़ी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जाए। पीएम मेगा टेक्सटाइल पार्क में 21 इकाईयों के 25 हजार से अधिक लोगों को रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए संबंधित एजेंसियां तत्परता से अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। इस में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगों के विकास के लिए समेकित योजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रस्तावित औद्योगिक

### इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का विकास



मुख्यमंत्री ने बताया कि इंदौर-पीथमपुर इकानॉमिक कॉरिडोर का विकास 3200 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित है। यह परियोजना 2125 करोड़ रुपए की है और इससे लगभग एक लाख लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इंदौर के मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क से भी 5 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। इसकी लागत 20 हजार करोड़ रुपए है। उज्जैन के विक्रमपुरी उद्योग क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए भारत सरकार ने 100 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की है।

### ओल्ड एज होम संचालन और धार्मिक पर्यटन की सुविधा विकसित हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओल्ड एज होम संचालन और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में उद्योग विभाग प्रयास प्रारंभ करें। प्रदेश के दतिया, ओरछा और अन्य धार्मिक पर्यटन से जुड़े स्थानों पर बुजुर्गों के लिए रहने की सुविधा विकसित की जाए। इसके लिए बहुमंजिले भवनों की व्यवस्था भी की जा सकती है, जो संस्थान इस क्षेत्र में सहयोग करते हैं, उन्हें टेक्स संबंधी रियायत दी जाए।

### मप्र एवं छग संयुक्त रूप से सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करें



भोपाल। मुख्यमंत्री ने कहा कि पड़ोसी राज्य छग की भौगोलिक सीमा के साथ-साथ दोनों राज्यों की साझा सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत है। दोनों राज्यों की राज्य सरकारों की ओर से कार्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित किए जा सकते हैं। व्यवस्था और प्रबंधन की दृष्टि से दो राज्य बने हैं, पर भावनात्मक रूप से हम एक हैं। सीएम छग के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ आए अभाविप के प्रतिनिधिमंडल को समत्व भवन में संबोधित कर रहे थे।

## वरिष्ठ भाजपा नेता माधवी लता का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल।

हैदराबाद से भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी, समाजसेवी और भाजपा की वरिष्ठ नेता माधवी लता का विधायक रामेश्वर शर्मा के कार्यालय युवा सदन पर स्वागत हुआ। युवा सदन पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने माधवी लता की अगवानी की और सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ उनका भोपाल आगमन पर स्वागत किया। माधवी लता ने कहा कि विधायक शर्मा की कार्यप्रणाली और उनके कार्यालय को हिंदुत्व का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा यहां आकर बहुत अपनेपन का अनुभव हुआ है। यहां मुझे हिंदुत्व के प्रति समर्पण की अनूठी अनुभूति हुई है। माधवी लता ने कहा कि मैं हैदराबाद से चुनाव भले ही हार गई, लेकिन आज मुझे देशभर के कार्यकर्ताओं और जनता का प्यार मिल रहा है, वह मेरे लिए अनमोल है। कांग्रेस ने चुनावों के दौरान हिंदुओं को विचलित करने के लिए कई फेक वीडियो चलाए। कई झूठे नरेटिव सेट करने की कोशिश की। कुछ हद तक कांग्रेस को सफलता भी मिली। लेकिन यह झूठ ज्यादा दिनों तक टिकने वाला वाला नहीं है। सच्चाई सामने आने लगी है और जो हिंदू

## गबन के आरोपी रायपुरिया को शासकीय सेवा से पृथक करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त भरत यादव ने गंभीर कदाचरण और शासकीय राशि के गबन के आरोपों की प्रामाणिकता के आधार पर नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के निलंबित सहायक वर्ग-3 रामसिंह रायपुरिया को शासकीय सेवा से पृथक करने के आदेश जारी किए हैं। विभागीय जांच प्रतिवेदन के आधार पर रायपुरिया को सेवा से पृथक करने की करने की कार्रवाई की गई है। रायपुरिया की ओर से गबन की गई शासकीय राशि, जिसकी वसूली हितग्राही खाताधारकों से नहीं की जा सकेगी। उसकी भरपाई सेवा शर्तों के अनुसार भू-राजस्व के बकाया की भांति वसूली योग्य होगी। विभागीय जांच प्रतिवेदन में प्रमाणित किया गया कि रायपुरिया ने ही कुल 33 कूटरचित पत्र तैयार करते हुए एवं तत्कालीन संयुक्त संचालक और अपर संचालक अनिल कुमार गोंड के कूटरचित हस्ताक्षर का उपयोग करते हुए 7 करोड़ 59 लाख 51 हजार की राशि स्वयं व अपने रिश्तेदारों के खातों में हस्तांतरित कर शासकीय राशि का गबन किया है।

- 7 करोड़ 59 लाख 51 हजार का किया गबन
- तत्कालीन संयुक्त संचालक का कूटरचित हस्ताक्षर कर राशि रिश्तेदारों की खातों में डाल कर हड़प कर ली

**केंद्रीय कारागार भोपाल भेजा:** रायपुरिया ने नगरीय विकास एवं आवास संचालनालय के माध्यम से नगरीय स्थानीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए संचालित राष्ट्रीय पेंशन योजना के भारतीय स्टेट बैंक की शाखा लिंक रोड एक में संधारित बचत खाते से कूटरचना कर राशि स्वयं, अपने रिश्तेदारों के खाते में हस्तांरित कर राशि का गबन किया गया था।

# छग में आज से भारी बारिश की चेतावनी, येलो अलर्ट जारी

## दो दिनों तक बारिश में ब्रेक होने से रायपुर में तेज धूप और उमस से लोग होते रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में बारिश की गतिविधि 26 जून से बढ़ने की संभावना है। दो दिनों तक बारिश में ब्रेक होने की वजह से रायपुर में तेज धूप और उमस से लोग परेशान हो गए हैं। हालांकि बुधवार से प्रदेश में बारिश की गतिविधि बढ़ाने और भारी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जगहों पर हल्की मध्यम बारिश हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार, 26 जून से प्रदेश में बारिश की गतिविधि



बढ़ाने और भारी बारिश होने की संभावना है। एक द्रोणिका चक्रीय चक्रवती परिसंचरण के रूप में दक्षिण गुजरात से झारखंड तक बना हुआ है, जो कि मध्य समुद्र तल से 1.5 और 4.5 किलोमीटर के बीच स्थित है। यह मध्य प्रदेश और उत्तरी छत्तीसगढ़ से होकर गुजर रही है जो कि दक्षिण पश्चिम की ओर ऊंचाई के साथ झुकी हुई है। इसके प्रभाव से बुधवार को प्रदेश में बारिश की गतिविधि बढ़ाने की संभावना है।

मंगलवार को प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बलरामपुर में 38.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान नारायणपुर में 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। रायपुर में 35.6, बिलासपुर, पेंड्रा रोड, अंबिकापुर और जगदलपुर में 33.4, दुर्ग में 35.02 और राजनांदगांव में 37 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। मंगलवार को कुछ क्षेत्रों में हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई।

# सीएम साय ने दिल्ली में की पीएम मोदी से मुलाकात

## नक्सल ऑपरेशन और छत्तीसगढ़ विजन @2047 'विजन डॉक्यूमेंट' के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने मंगलवार को संसद भवन दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनायें दी। इस भेंट के दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को प्रदेश के बस्तर संभाग में चल रहे नक्सल ऑपरेशन और छत्तीसगढ़ विजन @2047 'विजन डॉक्यूमेंट' के बारे में जानकारी दी।

सीएम साय ने पीएम मोदी को



बताया कि विजन निर्माण राज्य नीति आयोग की ओर से किया जा रहा है, जिसे एक नवंबर को राज्य की जनता को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विगत छह महीने में नक्सल विरोधी अभियानों में की गयी कार्रवाई की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी।

### नियद नेल्लानार योजना की दी जानकारी

सीएम ने नियद नेल्लानार योजना (आपका आदर्श गाँव)के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत नक्सलियों के आधार को कमजोर करने करने, शासन-प्रशासन और ग्रामीणों के बीच परस्पर विश्वास बहाली का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत वर्तमान में 23 कैंप खोले गए हैं, जिनमें 90 ग्राम शामिल हैं। भविष्य में 29 कैंपों को शुरू करने की योजना है।

# हाथी ने ग्राम कमलपुर में मचाया उत्पात, घर की दीवार तोड़ी, अंदर सो रहा परिवार बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलरामपुर

बलरामपुर रामानुजगंज जिले के ग्राम कमलपुर में मंगलवार सुबह पांच बजे के करीब ढाई साल की बच्ची एवं दंपति अपने घर में सो रही थी, इसी दौरान हाथी के द्वारा घर के दीवार को तोड़ दिया, जिससे तीनों बाल-बाल बचे। हाथी के द्वारा घर की दीवार तोड़ने के बाद फसल को भी नुकसान पहुंचाया गया तत्काल स्थानीय लोगों के द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई वहीं हाथी को देखकर कई लोग एकत्रित होकर हल्ला करने लगी तब जाकर हाथी मौके से भागा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह 5 के करीब एक हाथी कमलपुर रिहायसी से क्षेत्र के नजदीक पहुंच गया। हाथी विनोद रवि पिता नागेश्वर रवि उम्र 41 वर्ष के घर के नजदीक पहुंचा इस दौरान घर के कमरे में विनोद रवि का पुत्र आनंद रवि, उसकी बहू रूप रवि होती एवं ढाई वर्षीय पोती अनन्या रवि सो रहे थे। हाथी जब घर के नजदीक आने लगा तो उसे लगा कि घर के पास आम के पेड़ में कोई आम तोड़ रहा है उसी की आवाज है तेजी के साथ हाथी घर के नजदीक पहुंचकर दीवार तोड़ने लगा तो तीनों वहां से भाग कर अपनी जान बचाय।

दीवाल टूटकर गिरने से टीवी एवं अन्य सामान टूट गया। हाथी के आने से अन्य लोग भी मौके पर जमा होकर हल्ला करने लगे तब जाकर हाथी वहां से भागा।

# पत्नी से बात करने की शंका पर गला दबाकर की युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सक्ति

मालखरौदा थाना पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी अमरजीत बंजारे (30) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। पत्नी से बात करने की शंका पर पत्थर से हमला कर घायल किया, फिर गला दबाकर हत्या की और शव को सीमेंट के बने फाल में छुपाकर रखा था। शव को भी बरामद किया गया है। जानकारी अनुसार, ग्राम कुरदा की रहने वाली किरन जांगड़े ने अपने पति सोखीलाल की गुम होने की सूचना 23 जून को मालखरौदा थाने में की थी। उसने बताया कि 22 जून को अमरजीत बंजारे अपने साथ मोटरसाइकिल में बैठकर लेकर गया था। देर रात तक घर नहीं आने पर थाने में गुम होने की सूचना दी। इस दौरान पुलिस ने युवक अमरजीत बंजारे को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान उसने अपना जुर्म स्वीकार किया।

### सीमेंट के बने फाल में ले जाकर छिपा शव

आरोपी अमरजीत ने बताया कि उसकी पत्नी के साथ सोखिलाल जांगड़े से बातचीत करने की शंका थी। इसलिए उसे सुनसान जगह ले जाकर उसके सिर पर पहले पत्थर से हमला किया, जिससे वह घायल हो गया और उसकी गला दबाकर हत्या की। इसके बाद शव को सीमेंट के बने फाल में ले जाकर छिपा दिया। आरोपी के बताए जगह में जाकर शव को बरामद कर पीएम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## पेज एक का शेष

### जम्मू हवाई अड्डे से...

वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग व अन्य अधिकारियों ने भक्तों का स्वागत किया। उन्हें माता की चुनरी भेंट स्वरूप प्रदान की। भक्तों ने बताया कि वह जम्मू से सीधा माता वैष्णो देवी धाम 10 मिनट में ही पहुंच गए। यह हेलीकॉप्टर सेवा उन तीर्थयात्रियों के अधिक लाभदायक है जो एक दिन में माता के दर्शन कर वापस लौटना चाहते हैं।

### सत्तापक्ष और विपक्ष...

सत्तापक्ष उपाध्यक्ष पद देने पर राजी नहींः वेणुगोपालः कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल और द्रमुक नेता टी आर बालू लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए राजग उम्मीदवार का समर्थन करने से इनकार करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने की प्रतिबद्धता नहीं जताई। इससे पहले, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को दिए जाने की परंपरा रही है और यदि मोदी सरकार इस परंपरा का पालन करती है तो पूरा विपक्ष सदन के अध्यक्ष के चुनाव में सरकार का समर्थन करेगा। उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताताओं से बातचीत में यह भी कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समर्थन के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फोन किया था और फिर से फोन करने की बात की थी, लेकिन अब तक उनका फोन नहीं आया।

**परामर्श नहीं करने से टीएमसी को आपत्तिः** तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि लोकसभा के लिए इंडिया ब्लॉक स्पीकर उम्मीदवार के सुरेश को मैदान में उतारने पर पार्टी से सलाह नहीं ली गई। सूत्रों ने कहा कि यह बयान दिए जाने से पहले कोई इंडिया गठबंधन में परामर्श नहीं हुआ है और न ही कोई सामूहिक निर्णय लिया गया है। इसलिए के सुरेश के नामांकन पर तीन बड़े दल तो साइन कर चुके हैं, लेकिन अब तक टीएमसी ने साइन नहीं किए हैं।

### लोकसभा अध्यक्ष पद...

बंगाल, तमिलनाडु और केरल विधानसभाओं में अपने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष हैं। नड्डा ने कहा कि यह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी जिसने 25 जून, 1975 को आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का "गला घोंट" दिया था और विरोध करने वालों पर भारी अत्याचार किए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन्होंने कई बार संविधान का अपमान किया और उसकी अनदेखी की, उन्होंने खुद को संविधान का रक्षक घोषित कर दिया है। नड्डा ने आपातकाल के दिनों को याद करते हुए कहा कि उस समय लोगों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए जो बलिदान दिए, उसी के कारण आज देश का लोकतंत्र मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि करीब 9,000 लोगों को रात में उठाकर जेल में डाल दिया गया। एक भी प्रमुख नेता को नहीं बख्शा गया। मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी समेत ऐसे नेताओं की लंबी सूची है, जो 19 महीने से अधिक समय तक जेल में रहे। उनका एकमात्र दोष यह था कि उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आवाज उठाई। मीडिया को चुप कराने का हर संभव प्रयास किया गया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के साथ-साथ गरीबी, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म करने के लिए 1974 में शुरू हुए संघर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोग भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आंतरिक सुरक्षा अधिनियम (मीसा) और भारत रक्षा नियम (डीआईआर) के तहत करीब 1.40 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 75,000 से 80,000 लोग हमारी विचारधारा को मानने वाले थे। नड्डा ने कहा कि 1977 में लोकतंत्र "बहाल" हुआ था, जब कांग्रेस की "तानाशाही सरकार" को लोकसभा चुनावों में सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। भाजपा प्रमुख ने कहा कि राहुल गांधी नहीं जानते कि उन दिनों लोकतंत्र का गला कैसे घोंटा गया था। उन्हें (देश के) इतिहास के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, क्योंकि उन्होंने इस विषय का अपर्याप्त अध्ययन किया है। शायद उन्हें अध्ययन में ज्यादा रुचि भी नहीं है। मुझे नहीं पता कि उनके पास कितनी डिग्रियां हैं। उन्होंने कहा कि आजकल ये नेता संविधान की प्रतियां लेकर घूमते हैं। उन्हें राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर जाकर देश और महात्मा गांधी (आपातकाल लगाने) से माफी मांगनी चाहिए।

### विधानसभा चुनाव...

का वोट शेयर देखें तो इस चुनाव लोकसभा चुनाव में में 15.31 फीसद की बढ़ोतरी करने में सफल रही। 2019 में कांग्रेस को सिर्फ 28.42 फीसद वोट ले पायी थी। भाजपा की दिक्कत यह है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी दस लोकसभा सीट जीतने के तीन चार महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा छूने में असफल रही थी। 90 विधानसभा सीटों में से भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में 40 सीट ही जीत पायी थी।

### सीधा मुकाबला भाजपा ..

अलावा किसानों की नाराजगी,बेरोजगारी, महंगाई और अग्निवीर जैसे मुद्दे भी चुनाव के दौरान एकबार फिर बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। जाहिर है अमित शाह प्रदेश भाजपा के नेताओं के साथ इन मुद्दों पर भी मंथन करेंगे।

### लोकसभा में विपक्ष के...

गांधी से अपील की जिसे वे मना नहीं कर सके। बैठक के फौरन बाद एआईसीसी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने अन्य नेताओं की मौजूदगी में इसकी औपचारिक घोषणा की। ये बात अलग है कि राहुल गांधी ने इस पद के लिए गौरव गोगोई का नाम पार्टी के अंदरखाने बढाया था। उन्होंने ये भी एआईसीसी की एक बैठक में एक सवाल ये भी उछाला था कि इंडिया गठबंधन के किसी साथी दल से किसी वरिष्ठ नेता को क्या विपक्ष का नेता बनाया जा सकता है? मगर, ऐसा हो न सका। विपक्ष के नेता का पद आखिरकार राहुल गांधी के पास ही गया। एक दशक के बाद कांग्रेस पार्टी के पास लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने लायक सांसद जीत कर पहुंचे हैं। 2014 में 45 सांसद चुनकर आये थे। वर्ष 2019 में कांग्रेस सांसदों की संख्या थी 54 मामला फिर अटक गया था। विपक्ष के नेता पद के लिए कुल सदस्यता का दस फीसदी किसी दल के पास संसदीय ताकत होनी चाहिए। ये संख्या आती है 55 की। इस बार कांग्रेस पार्टी के 99 सांसद जीत कर आए। विपक्षी दलों में सबसे बडी पार्टी बनकर उभरी है। विपक्ष के नेता की अहमियतः संसदीय राजनीति में लोकसभा के विपक्ष के नेता को 'शैडो पीएम' के रूप में भी देखा जाता है। राहुल गांधी को इस पद को संभालने के निवेदन के पीछे सीडब्लूसी की ये मंशा भी थी। विपक्ष के नेता से विदेशी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात की परंपरा रही है। सीबीआई प्रमुख की नियुक्ति का मामला हो या फिर विभिन्न संवदेनशील पदों पर नियुक्ति विपक्ष का नेता उच्चस्त्रतरीय चयन समिति का सदस्य होता है। सांसदीय समितियों में नियुक्ति का मामला हो या फिर सांसदों को आवास आवंटन करने का मसला, ऐसे सभी विषयों में विपक्षी नेता का दखल होता है।

### छात्रों, अभिभावकों की...

को जानना है। इसके लिए समिति उनसे प्रत्यक्ष रूप से और इलेक्ट्रॉनिक संचार के अन्य माध्यमों के जरिए बातचीत करेगी। लगभग एक पखवाड़े में इसे संघटित किया जाएगा। इसके बाद दूसरी प्राथमिकता के रूप में समिति छात्रों की कठिनाइयों और तनाव को कम करने के लिए जल्द ही एक मजबूत शिक्षा प्रणाली विकसित करने पर विचार कर रही है। दो महीने के भीतर समिति अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक वीडियो क्लिप जारी कर उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक की जानकारी दी। शिक्षा मंत्रालय ने पिछले सप्ताह शनिवार को मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के साथ ही एनटीए में सुधार के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। इसमें अध्यक्ष के रूप में इसरो के पूर्व अध्यक्ष और आईआईटी कानपुर के बीओजी के अध्यक्ष डॉ.के.राधाकृष्णन को शामिल किया गया है। जबकि सदस्य के रूप में एम्स (दिल्ली) के पूर्व निदेशक डॉ.रणदीप गुलेरिया, केंद्रीय विश्वविद्यालय (हैदराबाद) के कुलपति प्रो.बी.जे.राव, आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर एमेरिटस प्रो.राममूर्ति.के, पीपल स्ट्रांग और बोर्ड सदस्य (कर्मयोगी भारत) के सह-संस्थापक पंकज बंसल और आईआईटी दिल्ली के डीन (छात्र मामले) प्रो. आदित्य मित्तल शामिल हैं।

### कांग्रेस ने संविधान...

सेनानी के संगठन के अध्यक्ष महावीर भारद्वाज, मेजर अतुल देव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कमल यादव ने की। कैप्टन अभिमन्यु ने कांग्रेस पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी में प्रधानमंत्री बनने की कोई योग्यता नहीं थी। जवाहर लाल नेहरू के निधन के बाद इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बना दिया गया। अपने पिता के नाम पर इंदिरा गांधी भारत की सत्ता पर काबिज हो गई। 1971 के चुनाव में राजनारायण ने इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। चुनाव में धांधली के कारण राजनारायण ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में यचिका दायर की। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जयनारायण को विजयी और इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर दिया। इंदिरा गांधी को लगा अब सत्ता खिसकने वाली है तो रातोंरात देश पर आपातकाल थोप दिया। उन्होंने ने कहा कि इंदिरा गांधी के नाम की पार्टी के लोग सामान्य परिवार से आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे लोकप्रिय नेता पर सवाल खड़ा करते हैं। ये वही परिवारवादी लोग हैं जो आपातकाल के पाप के भागीदार रहे हैं। देश और संविधान को खतरे में बताने का झूठा नेरेटिव चला रहे हैं। दलितों का आरक्षण खत्म करने का दुष्प्रचार कर रहे हैं।

**सत्ता बचाने के लिए थोपा था आपातकाल : भारद्वाज :** लोकतंत्र सेनानी संगठन के अध्यक्ष महावीर भारद्वाज ने भी कांग्रेस के जुल्म और सितम की कहानी लोगों को बताई। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए 25 जून 1975 की भयानक और काली रात को देश पर आपातकाल थोप दिया था।

समाचार पत्रों पर सेंसर लगा दिया और बिजली काट दी गई। कांग्रेस की तानाशाही ने पूरे देश में भय का माहौल बना दिया था। लोगों को बिना वजह से जेलों में भर दिया गया। भारद्वाज ने कहा कि संविधान की आत्मा मालिक अधिकारों को खत्म कर लोगों को यातनाएं दी गई। कांग्रेस की अघोषित तानाशाही का अगर किसी ने विरोध किया तो उसे घोर यातनाएं दी गई।

आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। चंगेज खां और अंग्रेजों के द्वारा किए गए जुल्म भी इंदिरा गांधी के जुल्मों के आगे कम थे। उन्होंने भाजपा सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार ने लोकतंत्र की रक्षा करने वालों को लोकतंत्र सेनानी का नाम दिया और पेंशन देकर मान सम्मान दिया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश प्रवक्ता जवाहर यादव, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, महावीर भारद्वाज, मेजर अतुल देव, जिला महामंत्री सर्वप्रिय त्यागी, रामबीर भाटी, जिला मीडिया सह प्रमुख पवन यादव के अलावा भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। **इन लोकतंत्र सेनानियों को किया गया सम्मानितः** पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने लोकतंत्र की रक्षा करने वाले सेनानी संगठन के अध्यक्ष महावीर भारद्वाज (रेवाड़ी), विपिन (दिल्ली), श्रीचंद गुप्ता (गुरुग्राम), प्रेम प्रकाश (रेवाड़ी), गुलशन खेतरपाल (रोहतक), दलीप (फरीदाबाद), बृजमोहन (फतेहाबाद), राजबीर (रोहतक), रमेश अग्रवाल (रोहतक), आत्म प्रकाश (गुरुग्राम), प्रमोद (दिल्ली), सत्यपाल (चंडीगढ़), सोहन लाल (गुरुग्राम), अनिल नागपाल (रोहतक), कृष्ण मुखी (सोहना), रामकिशन मित्तल, हर्षवर्धन, पवन गर्ग (यमुनानगर) को सम्मानित किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं से...

वाली पार्टी है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि जिस तरह से लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल में योजनाएं झेलते हुए कांग्रेस के अत्याचारों का सामना किया था उसी तरह कार्यकर्ता भी कांग्रेस के नेरेटिव का लोकतंत्र सेनानियों की तरह डटकर मुकाबला करें।

## चिंतन

# संसद व संविधान की मर्यादा की रक्षा करें विपक्षी सांसद

18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र के दो दिन में सांसदों के शपथग्रहण के दौरान विपक्षी सांसदों की सियासी नौटंकी खूब देखने को मिली। जहां इंडिया ब्लॉक के कई सांसदों ने संविधान की कॉपी हाथ में लेकर शपथग्रहण किया तो, एआईएमआईएम के मुखिया व सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने से पूर्व 'बिस्मिल्लाह' बोला, वहीं शपथ के बाद 'जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन' बोला। कांग्रेस ने ही सत्ता में रहते हुए देश पर आपातकाल थोपा, जिसमें संविधान की धज्जियां उड़ीं, वहीं कांग्रेस शासन के दौरान ही संविधान के अनुच्छेद 356 का संबसे अधिक दुरुपयोग हुआ, कांग्रेस शासन के दौरान ही प्रायोजित तौर पर सिख दंगे हुए, जो संविधान का सीधा उल्लंघन था, इसलिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का संविधान की प्रति हाथ में रख कर शपथ लेना सियासी नौटंकी से अधिक कुछ नहीं है। राहुल गांधी वही शख्स हैं, जिन्होंने अपनी ही सरकार के ऑर्डिनेंस को फाड़ दिया था, देश ने यह भी देखा है, इसलिए संविधान का सम्मान करने की जरूरत सबसे अधिक कांग्रेस व राहुल को है। चुनाव प्रचार के दौरान अपनी बात रखने व भाजपा पर राजनीतिक हमले के लिए संविधान का जिक्र करना समझ में आता है, लेकिन जिस संविधान के प्रावधान के तहत सरकार का गठन हुआ है, जनता ने राजग को बहुमत दिया है, कांग्रेस को भी विपक्ष में रहने का जनादेश दिया है, उस स्थिति का सम्मान नहीं करते हुए, संसद में संविधान की कॉपी लेकर शपथ लेना जहां जनादेश का अस्वीकरण है, वहीं यह निरा सियासी ड्रामा है। इसी के साथ भारतीय संसद में भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेने के बाद ओवैसी का फिलिस्तीन का जयगान करना संसदीय मर्यादा का उल्लंघन है। भारत के इजराइल व फिलिस्तीन दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं, इजराइल व हमास के बीच जारी जंग को फिलिस्तीन से जोड़ना तथ्यों की अनदेखी करना है। फिलिस्तीन की सरकार वेस्ट बैंक में है, गाजापट्टी फिलिस्तान का हिस्सा जरूर है, पर उस पर आतंकी गुट हमास का कब्जा है। फिलिस्तीन की सरकार खुद हमास से संघर्ष कर रही है। हमास को आतंकी गुट हूती व हिज्बुल्लाह से मदद मिलती है। हूती लाल व अरब सागर में भारत के जहाज पर हमला करता रहता है। भारत नीतिगत रूप से आतंकवाद के खिलाफ है। पहले हमास ने ही इजराइल पर आतंकी हमला किया, जिसकी भारत ने उसी वक्त निंदा की। आज इजराइल हमास के खिलाफ जंग लड़ रहा है, न कि फिलिस्तीन सरकार के खिलाफ। एक तो यह थोपा गया युद्ध है, दूसरा इजराइल को अपनी आत्मरक्षा का अधिकार है। यह छिपा नहीं है कि अधिकांश मुस्लिम देश बिना कारण इजराइल के दुश्मन बने हुए हैं। अभी हमास की मदद में ईरान व कतर आ गए, आखिर एक राष्ट्र किसी आतंकी गुट का साथ कैसे दे सकता है? इजराइल व हमास के बीच की जंग को इजराइल व फिलिस्तीन में युद्ध बताना हमास के आतंकी हरकत को ढांपना है। ये सभी बातें ओवैसी को पता है, वे अंतरराष्ट्रीय मसलों के अच्छे विद्वान हैं, इसके बावजूद केवल भाजपा के प्रति विरोध जताने के लिए अपनी ही संसद की मर्यादा को गिराना करना उन्हें शोभा नहीं देता। संसद को ओवैसी पर कानून सम्मत कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य के लिए नजीर बने। धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की संसद में धार्मिक व जातिगत नारे भी नहीं लगने चाहिए, संसद को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए। सभी सांसद अपनी संसद व संविधान की मर्यादा की रक्षा करें, न कि संसदीय गरिमा को हीन करें।




विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# तीस्ता : चीन को भारत का करारा जवाब

**चीन बांग्लादेश की तीस्ता नदी के कायाकल्प के बहाने नदी के जल प्रबंधन का दायित्व हथियाने के प्रयास में लगा था, लेकिन बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता से चीन की कोशिशों पर विराम लग गया है। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच हुई बैठक में यह सहमति बनी है कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर निर्णायक वार्ता के लिए जल्दी ही भारत का एक तकनीकी दल ढाका का दौरा करेगा, जो नदी में जमी गाद को साफ करने के साथ नदी के पुराने स्वरूप को लौटाने के लिए रोडमैप तैयार करेगा। गंगा जल बंटवारे समझौते को नए सिरे से अमल में लाने के समझौते पर भी बातचीत का फैसला लिया है।**

अर्से से चीन बांग्लादेश की तीस्ता नदी के कायाकल्प के बहाने नदी के जल प्रबंधन का दायित्व हथियाने के प्रयास में लगा था, लेकिन बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता से चीन की कोशिशों पर विराम लग गया है। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच हुई बैठक में यह सहमति बनी है कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर निर्णायक वार्ता के लिए जल्दी ही भारत का एक तकनीकी दल ढाका का दौरा करेगा, जो नदी में जमी गाद को साफ करने के साथ नदी के पुराने स्वरूप को लौटाने के लिए रोडमैप तैयार करेगा। दोनों देशों ने गंगा जल बंटवारे समझौते को नए सिरे से अमल में लाने और एक समग्र कारोबारी समझौते पर भी बातचीत का फैसला लिया है। बैठक में दस महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये घोषणाएं दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान कही हैं।

चीन का हस्तक्षेप भारत और बांग्लादेश में से बहने वाली नदी तीस्ता पर दिखाई नहीं देता था, किंतु कुछ समय पहले इस नदी पर एक विशाल जलाशय बनाने के बहाने चीन ने बांग्लादेश की जमीन पर बहने वाली तीस्ता नदी पर विकास कार्यों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई थी। यह जानकारी बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने दी थी, किंतु भारत द्वारा आपत्ति उठाए जाने पर बांग्लादेश ने जवाब दिया था कि 'चीनी राजदूत याओ वेन ने बीजिंग से ढाका को तीस्ता जलभराव क्षेत्र के विकास हेतु कई प्रस्ताव दिए हैं। इनमें तीस्ता नदी में वृहद स्तर पर सफाई करने, जलाशय और तटबंध बनाने के प्रस्ताव शामिल हैं।' दरअसल तीस्ता नदी भारतीय राज्य सिक्किम व पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। इसे सिलिगुड़ी गलियारा या चिकन नेक कहा जाता है। पश्चिम बंगाल में स्थित 28 किमी की भूमि का यह संकीर्ण क्षेत्र है। यह भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है। भूटान का साम्राज्य इस गलियारे के उत्तरी क्षेत्र में स्थित है। यह भारत के लिए अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। अतः भारत इस क्षेत्र में किसी भी बहाने चीन का हस्तक्षेप नहीं चाहता। इस परियोजना पर करीब 8 हजार 300 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। चीन ने इस कार्य को शत-प्रतिशत अपनी पूंजी से पूरा करने की इच्छा शेख हासीना को जताई थी। चीन को इस काम का ठेका मिलने का मतलब, इस क्षेत्र में दखल के साथ नदी के जल प्रवाह का डाटा भी हासिल हो जाता। चीन के साथ भारत के रिश्ते कटुता एवं विश्वास के बने होने के कारण भारत चीन की उपस्थिति अपनी सीमाओं के ईद-गिर्द नहीं चाहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीनी भागीदारी से इस नदी पर भारत-बांग्लादेश के बीच जल-बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद और गहरा सकता है? हालांकि 2009 में प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता पर काबिज होने के बाद से ही जल-बंटवारे पर सहमति से समझौते की बात चल रही है। दोनों पड़ोसी देश तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2011 में की गई बांग्लादेश की यात्रा के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर के लिए लगभग तैयार थे, लेकिन प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अंतिम समय पर समझौते के विरुद्ध खड़ी



हो गईं और तय प्रस्ताव को निलंबित कर दिया गया। अब शेख हसीना और नरेंद्र मोदी की 2022 में परस्पर हुई बातचीत के बाद कुशियारा नदी के संदर्भ में अंतरिम जल बंटवारा समझौते पर हस्ताक्षर भी हो गए हैं। 1996 में गंगा नदी जल-संधि के बाद इस तरह का यह पहला समझौता है। इसे अत्यंत महत्वपूर्ण समझौता माना गया है। यह असम और बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र को लाभान्वित करेगा। 54 नदियां भारत और बांग्लादेश की सीमाओं के आर-पार जाती हैं और सदियों से दोनों देशों के करोड़ों लोगों की आजीविका का मुख्य साधन बनी हुई हैं। इसके बावजूद तीस्ता नदी के जल बंटवारे को अंतिम रूप अब तक नहीं दिया जा सका।

नदियों के जल-बंटवारे का विवाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी विवाद का विषय बना रहा है। ब्रह्मपुत्र को लेकर चीन से, तीस्ता का बांग्लादेश से, झेलम, सतलुज तथा सिंधु का पाकिस्तान से और कोसी को लेकर नेपाल से विरोधाभास है। भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में खटास सीमाई क्षेत्र में कुछ भूखंडों, मानव-बस्तियों और तीस्ता नदी के जल बंटवारे को लेकर पैदा होती रही है। हालांकि दोनों देशों के बीच हुए भू-सीमा समझौते के जरिये इस विवाद पर तो कमोबेश विराम लग गया, लेकिन तीस्ता की उलझन बरकरार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2015 में बांग्लादेश यात्रा पर गए थे, तब ढाका में द्विपक्षीय वार्ता भी हुई थी, लेकिन तीस्ता की उलझन, सुलझ नहीं पाई थी। विदेश नीति में अपना लोहा मनवाने में लगे नरेंद्र मोदी से यह उम्मीद इसलिए ज्यादा है, क्योंकि शेख हसीना दोनों देशों में परस्पर दोस्ती की मजबूत गांठ बांधने के उद्देश्य से भारत आती रही हैं। यह उम्मीद इसलिए भी है, क्योंकि 2016 में मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने बांग्लादेश के साथ कुछ बस्तियों और भूक्षेत्रों की अदला-बदली में सफलता प्राप्त की थी। तीस्ता के उद्गम स्रोत पूर्वी हिमालय में स्थित सिक्किम राज्य के झरने हैं। ये झरने एकत्रित होकर नदी के रूप में बदल जाते हैं। नदी सिक्किम और पश्चिम बंगाल से बहती हुई बांग्लादेश में पहुंचकर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है। इसलिए सिक्किम और पश्चिम बंगाल के पानी से जुड़े हित इस नदी से गहरा संबंध रखते हैं। तीस्ता सिक्किम राज्य के लगभग समूचे मैदानी क्षेत्रों में बहती हुई बंग्लादेश की सीमा में करीब 2800 वर्ग किमी क्षेत्र मे बहती है। नतीजतन इन क्षेत्रों के रहवासियों के लिए तीस्ता का जल आजीविका के लिए वरदान बना हुआ है। इसी तरह पश्चिम बंगाल के लिए भी यह बांग्लादेश के बराबर ही महत्व रखती है। भारत-बांग्लादेश के मध्य द्विपक्षीय सहयोग की शुरुआत इस देश के अस्तित्व में आने के वर्ष 1971 में ही हो गई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान से अलग होने वाले स्वतंत्र राष्ट्र बांग्लादेश का समर्थन करते हुए अपनी शांति सेना भेजी और इस देश को पाक की गुलामी से मुक्त कराया। 1983 में दोनों देशों के बीच एक तदर्थ जल हिस्सेदारी पर संधि हुई थी, जिसके तहत 39 एवं 36 प्रतिशत जल बंटवारा तय हुआ। इस समझौते द्वारा तीस्ता नदी के जल वितरण का समान आवंटन का प्रस्ताव ही नई द्विपक्षीय संधियों का अब तक आधार बना हुआ है।

यदि यह समझौता हो जाता है तो इसके सामरिक हित भी भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में बांग्लादेश की आर्थिक कमजोरी के चलते बांग्लादेशी घुसपैठियों की निरंतरता बनी हुई है। बांग्लादेश में करीब 10 लाख म्यांमार से विस्थापित रोहिंग्या शरणार्थी बने हुए हैं। ये सीमावर्ती राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे हैं। लिहाजा तीस्ता एवं अन्य नदियों के जल बंटवारों पर कोई निर्णायक स्थिति बन जाती है तो बांग्लादेश में कृषि और जल आधारित रोजगार मिलने लग जाएंगे, फलस्वरूप भारत में घुसपैठ थमने की उम्मीद की जा सकेगी ? दोनों देशों को संधि के उपरांत संयुक्त रूप से बाढ़ और सूखे की आपदा से निराकरण के उपाय तलाशना भी आसान होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## पहल

प्रो. महेश चंद गुप्ता



# नालंदा विवि का पुनरुत्थान एक युगांतकारी कदम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इसी के साथ सदियों के बाद नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में ज्ञान के प्रसार के लिए उठ खड़ा हुआ है। 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बना नालंदा का नया परिसर केवल कंकरीट की एक इमारत भर नहीं है, बल्कि इस इमारत के निर्माण से हमारे देश का गौरवशाली इतिहास पुनजीर्वित हुआ है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम है। तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के महज दस दिन बाद मोदी नालंदा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में गए हैं। मोदी का नालंदा जाना अनायास नहीं है बल्कि यह उनका चिंतन के बाद लिया गया निर्णय है। मोदी नालंदा के बहाने देश को आगे बढ़ने का संदेश दे रहे हैं। सदियों पहले समूचे विश्व के लिए ज्ञान का सागर बने जिस नालंदा को आक्रांताओं ने जलाकर खाक और तहस-नहस कर दिया था, उसका पुनरुत्थान एक बहुत बड़ा और युगांतकारी कदम है। श्रीराम मंदिर की स्थापना के बाद नालंदा हमारे राष्ट्र के पुनरुत्थान का एक और उदाहरण बना है। आक्रांताओं ने नालंदा के वैभव को तीन बार नष्ट किया। दो बार इसका पुननिर्माण किया गया। 12वीं शताब्दी में कुतुबद्दीन ऐबक के सेनापति बख्तियार खिलजी ने विश्वविद्यालय के लाखों पुस्तकों वाले पुस्तकालय में आग लगवा दी। इतिहासकारों के अनुसार यह विनाशकारी आग तीन महीने तक भड़कती रही, जिससे वहां सब कुछ नष्ट हो गया। नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत, पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं, बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था, क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य (आधुनिक बिहार) में 5वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनियाभर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे। दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था, जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनिया भर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईस्वी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे। इतिहासकारों के अनुसार सदियों पहले नालंदा में दाखिला आसान नहीं था। यहां प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। यह सब इतना वैभवशाली था, जो आसुरी शक्तियों और विनाशकारी सोच वालों से देखा नहीं जा रहा था। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे नालंदा जैसे विशाल भवन नष्ट कर दिए। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश हो कर चले गए, लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार नालंदा विश्वविद्यालय से पुनः शिक्षा का उजियारा फूटना शुरू हो गया है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि नालंदा वैश्विक हित का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। मोदी का मिशन है कि भारत, दुनिया के लिए शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बने, इस पर विचार किए जाने की जरूरत है। नालंदा का फिर से उठ खड़ा होना निश्चय की खुशी का मौका है। यह हमारे शैक्षिक उत्थान की प्रेरणा बनेगा मगर नालंदा की प्रेरणा तभी काम आएगी, जब हम शैक्षिक उत्थान के लिए समर्पित भाव से काम करेंगे। अगर हम आजादी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं तो यह शिक्षा की बदौलत ही संभव है, लेकिन यह इतना सरल और सहज नहीं है। इसके लिए देश के विश्वविद्यालयों के लिए जमकर काम करना होगा। आजादी के बाद सत्तर सालों में शिक्षा को नजरअंदाज ही किया गया है। बजट में शिक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए। इसी कारण हमारे सरकारी विश्वविद्यालय पिछड़ गए। हमारे ज्यादातर विश्वविद्यालयों का बुनियादी ढांचा मजबूत नहीं है। उनमें विश्व स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम का अभाव है। मोदी का सपना भारत को विश्व गुरु बनाने का है। यह सपना शिक्षा की बदौलत सच हो सकता है। आज नालंदा फिर से उठ खड़ा हुआ है। इसी तर्ज पर आगे चलकर समूचे देश के विश्वविद्यालयों को प्रगति पथ पर बढ़ाया जाए। यह काम केवल सरकार या संबंधित विश्वविद्यालय प्रशासन के जिम्मे छोड़ने से नहीं होगा। इसके लिए सबको मिलकर काम करना होगा।

(लेखक प्रख्यात शिक्षाविद्, हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
**दर्शन**

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं।

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्याधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्याधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा रखें**

18वीं लोकसभा सत्र की शुरुआत नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण से शुरू हो गई। देश को उम्मीद है कि नवनिर्वाचित सदस्यों ने जो शपथ ली है, उस पर वो खरा उतरेंगे और हर संसद के सत्र में अपनी उचित भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। अबकी बार संसद में सत्ता पक्ष के सामने मजबूत विपक्ष भी है, इसलिए इस बार लोकसभा के सत्र में हंगामा कुछ ज्यादा होने के अवसर भी हैं। इस सत्र में सत्ताधारी पार्टी को चाहिए कि वो बेवजह के ऐसे मुद्दे न उछाले जिससे विपक्ष खफा होकर हो-हल्ला कर सत्र का कीमती समय बर्बाद करे। साथ विपक्ष को भी चाहिए कि वो भी केंद्र की नीतियों के विरोध में बेवजह हो-हल्ला न करे। लोकतंत्र में सदन को ठीक ढंग से चलाना दोनों पक्षों का फर्ज होता है, इसलिए सभी को मर्यादा में रहना चाहिए।

*- राजेश यदु, जगदलपुर*


## ट्रेंड

**प्रतिबद्धता पर सवाल**



आज के ठीक 49 साल पहले भारत में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा आपातकाल लगाया गया था। आपातकाल वह काला अध्याय है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। सत्ता के दुरुपयोग का खुला खेल खेला गया, वह कई राजनीतिक दलों की लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल खड़ा करता है।
-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

**दिव्य के रूप में पहचान**



दिव्यता तब है जब जीवन हम जो हैं उससे ऊपर उठ जाता है। कोई भी इंसान या कोई भी जीवन जो हम जहां हैं उससे ऊपर प्रतीत होता है, हम दिव्य के रूप में पहचानते हैं।
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

**1100 पेड़ काट दिए**



दिल्ली के रिज क्षेत्र में गैरकानूनी तरीके से 1100 पेड़ काट दिए गए। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि "अगर अधिकारी अपने संवैधानिक दायित्वों का पालन नहीं कर रहे हैं तो कोर्ट को संकेत देना होगा कि पर्यावरण को इस तरह से नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता है।
-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

**पीछा करना बंद करो**



दुनिया का नियम है कि लोग आपका पीछा तब करेंगे जब वे आपका विकास देखेंगे, जब आप आकर्षक होंगे और जब आप खुश दिखेंगे। पीछा करना बंद करो, आकर्षित करना शुरू करो।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# भारतीय साहित्य को बढ़ावा देने आर्चर-अमीश पुरस्कार



जाने-माने लेखक लॉर्ड जैफ्री आर्चर और अमीश त्रिपाठी ने समकालीन भारतीय कथा साहित्य में प्रतिभाओं और भारतीय कथा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली कहानी कला को प्रोत्साहित करने के लिए 25,000 डॉलर के एक नए साहित्यिक पुरस्कार का आगाज किया है। 'आईजीएफ आर्चर-अमीश अवॉर्ड फॉर लिटरेचर' की घोषणा सोमवार को की गई। दोनों लेखक इस घोषणा के लिए ब्रिटेन स्थित इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के उद्घाटन पर एक साथ आए। पुरस्कार के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया इस साल शुरू होगी और 2025 में अगले आईजीएफ लंदन सम्मेलन में पुरस्कार के विजेता की घोषणा की जाएगी। 'केन एंड एबेल' और 'द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स' जैसी सबसे अधिक बिकने वाली किताबों के जाने-माने ब्रिटिश लेखक लॉर्ड आर्चर ने कहा, 'पुरस्कार काफी महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि वे लेखक की रचनाधर्मिता को एक पहचान देते हैं और साथ ही यह भरोसा दिलाते हैं कि लेखन कर्म को अपने दिन रात समर्पित करने वाला लेखक अकेला नहीं है।' उन्होंने कहा, 'लेखन बहुत एकांतवादी प्रक्रिया है जहां आप पूरी तरह अपनी दुनिया में खोए रहते हैं।

## ऑफ बीट

# कुछ ग्रहों के पास कई चंद्रमा कुछ के पास एक भी नहीं



पृथ्वी से रात में ऊपर देखने पर आप सैकड़ों हजारों मील दूर चमकते हुए चंद्रमा को देख सकते हैं, लेकिन अगर आप शुक्र ग्रह पर जाएं तो ऐसा नहीं होगा। हर ग्रह के पास चन्द्रमा नहीं होता। सवाल है कि केवल कुछ ग्रहों के पास कई चन्द्रमा क्यों हैं जबकि कुछ के पास एक भी चंद्रमा क्यों नहीं है? बताते हैं कि कुछ ग्रहों के पास चन्द्रमा क्यों हैं और कुछ के पास क्यों नहीं हैं। सबसे पहले चंद्रमा को प्राकृतिक उपग्रह कहा जाता है। खगोलशास्त्री उपग्रहों को अंतरिक्ष में मौजूद ऐसी वस्तुओं के रूप में संदर्भित करते हैं जो बड़े पिंडों की परिक्रमा करते हैं। चूंकि चंद्रमा मानव निर्मित नहीं है, इसलिए यह एक प्राकृतिक उपग्रह है। वर्तमान में कुछ ग्रहों के चंद्रमा होने के दो मुख्य सिद्धांत हैं। चंद्रमा अगर ग्रह के हिल स्फीयर रेडियस के भीतर होते हैं या सौर मंडल के साथ मिलकर बनते हैं तो गुरुत्वाकर्षण द्वारा खींच लिए या पकड़ लिए जाते हैं। क्या है हिल स्फीयर रेडियस ? वस्तुएं आस-पास की अन्य वस्तुओं पर गुरुत्वाकर्षण बल लगाती हैं जो उन्हें एक दूसरे की तरफ खींचती है। जो वस्तु जितनी बड़ी होगी उसका आकर्षण बल उतना ही अधिक होगा।

# किसी ने जय हिंद, जय संविधान तो किसी ने जय फिलिस्तीन के नारे लगाए

## 18वीं लोकसभा के लिए जनता द्वारा चुनकर आए सांसदों का शपथ ग्रहण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद 18वीं लोकसभा के लिए जनता द्वारा चुनकर आए सांसदों को शपथ दिलाई जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रियों ने पहले ही सत्र में शपथ ले ली थी और अब अन्य सांसदों को शपथ दिलाई जा रही है। इस दौरान शपथ के साथ ही सांसदों ने कई नारे भी लगाए जो कि काफी चर्चा में आए। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर ने उन्हें चेतावनी भी दी और संविधान की महत्ता के विपरीत बताया। मंगलवार को कई सांसदों को शपथ दिलाई गई। बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने होंगे।

### राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने हाथ में संविधान लेकर ली सांसद पद की शपथ




कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली और इस दौरान उन्होंने अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। राहुल गांधी ने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने 'जय हिंद, जय संविधान' का नारा भी लगाया। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने लोकसभा में आज संसद सदस्य की शपथ ली। इस दौरान अखिलेश अपने साथ संविधान का कॉपी लेकर आए। अखिलेश की शपथ के बाद पूरे विपक्ष ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। शपथ लेने के बाद अखिलेश ने भी राहुल गांधी विपक्ष के नेताओं से हाथ मिलाया।

### 'राम' ने संस्कृत में शपथ ली

#### सदस्यों ने 'जय श्री राम' का नारा लगाया



उत्तर प्रदेश के मेरठ संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित भाजपा के सांसद अरुण गोविल ने मंगलवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ संस्कृत भाषा में ली। जब गोविल का नाम पुकारा गया तो सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों ने 'जय श्री राम' का नारा लगाया। गोविल ने टेलीविजन के मशहूर धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाई थी। गौतमबुद्ध से निर्वाचित भाजपा सांसद महेश शर्मा ने भी संस्कृत में शपथ ली। मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने हिंदी में शपथ ली। शपथ से पहले उन्होंने 'राधे-राधे' का उद्घोष किया।

### शपथ के बाद ओवैसी बोले- जय फिलिस्तीन



एआईएमआईएम सांसद ओवैसी ने मंगलवार को सांसद पद की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन कहा।इस दौरान उन्होंने फिलिस्तीन-इजराइल विवाद के बीच फिलिस्तीन के नारे लगाए। जिसके बाद बीजेपी ने इसका तगड़ा विरोध किया है।

### यूबीटी सांसद ने बाल ठाकरे का किया जिक्र



महाराष्ट्र के हिंगोली से निर्वाचित शिवसेना (यूबीटी) के सांसद नागेश बापूराव पाटिल आष्टिकर ने मंगलवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेते हुए 'हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब जी ठाकरे' का उल्लेख किया जिस पर कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब ने उन्हें रोका और कहा कि वह मराठी में निर्धारित प्रारूप में लिखित शपथ पत्र को ही पढ़ें।

### हाथ में संविधान लेकर चंद्रशेखर ने ली शपथ,नारे भी लगाए



आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर से लेकर देश की जनता तक को लेकर भी नारेबाज की, जो कि वायरल हो गई।चंद्रशेखर ने लोकसभा में शपथ लेने के बाद कहा- 'नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जोहार, जय जवान, जय किसान, जय संविधान जिंदाबाद।' इसके बाद चंद्रशेखर ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद और भारत की महान जनता भी जिंदाबाद।

## खबर संक्षेप

### नवीन सरकार ने रची थी हत्या की साजिश: मांझी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने पूर्व की बीजेडी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सीएम मोहन माझी ने दावा किया कि पूर्व की बीजेडी सरकार ने उनकी हत्या की साजिश रची थी। बीजेडी ने सीएम के इन आरोपों का खंडन किया है। मोहन चरण माझी ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सोमवार को अपने गृह जिले क्योंझर के पहले दौरे पहुंचे।

### रेलवे पर ठोक दिया एक लाख रुपए का जुर्माना



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे पर यात्रियों की सुरक्षा में लापरवाही बरतने को लेकर उसपर 1 लाख से अधिक राशि की फाइन लगाया गया है। दिल्ली की एक उपभोक्ता अदालत ने रेलवे को उसकी सेवाओं में कमी और लापरवाही को देखते हुए 1 लाख से अधिक का मुआवजा देने का कहा है। जया के बैग में लैपटॉप, कलाई घड़ी, गहनें समेत कीमती सामान चोरी हुए थे।

### एनएचआरसी ने दिया तमिलनाडु को नोटिस



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से 47 से अधिक लोगों की जान जाने के मामले का संज्ञान लेते हुए तमिलनाडु सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। शराब को पीने से मरने वालों की संख्या 59 तक पहुंच चुकी है।

### विधानसभा चुनाव में नीतीश ही चेहरा होंगे



**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में भले ही भाजपा के पास सबसे ज्यादा विधायक हों लेकिन विधानसभा चुनाव वह सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगी। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने फिर से यह बात स्पष्ट कर दी है। 2020 के चुनाव में जिस तरह से एनडीए उम्मीदवार नीतीश के नेतृत्व में उतरे थे, उसी तरह इस बार यानी 2025 के चुनाव में भी उतरेंगे।

### ममता ने मंत्री, सांसद और डीएम को फटकारा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने एक मीटिंग के दौरान अपने मंत्री, सांसद और जिले के डीएम की जमकर फटकार लगाई। हावड़ा जिला के विधायक गौतम चौधूरी और अरूप राय को ममता बनर्जी ने चेतावनी भी दी। ममता ने अधिकारियों के साथ बैठक की और जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि एमएलए, एमपी, मंत्री, डीएम पैसे ले रहे हैं।

## आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में सुनवाई

# आबकारी 'घोटाला': उच्च न्यायालय ने अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत पर रोक लगाई





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि निचली अदालत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उसके समक्ष पेश की गई सामग्री का उचित आकलन करने में विफल रही और उसने आम आदमी पार्टी नेता की जमानत याचिका पर फैसला करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया।

पीठ ने कहा कि जमानत आदेश को लेकर ईडी की आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इसने कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने विवादित आदेश पारित करते समय रिकॉर्ड पर प्रस्तुत सामग्री,दस्तावेजों और ईडी द्वारा उठाए गए तर्कों का उचित आकलन नहीं किया। पीठ ने कहा कि धारा 439(2) के तहत याचिका में दी गई दलीलों/आधारों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने कहा, तदनुसार, वर्तमान आवेदन स्वीकार किया जाता है और विवादित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाती है। निचली अदालत की न्यायाधीश, न्याय बिंदु ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी और एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया था। ईडी ने अगले दिन उच्च न्यायालय का रुख किया और दलील दी कि निचली अदालत का आदेश त्रुटिपूर्ण, एकतरफा और गलत था तथा उसे मामले पर बहस करने का पर्याप्त अवसर दिए बिना पारित कर दिया गया। जमानत आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की ईडी की अर्जी पर 34 पृष्ठों के आदेश में न्यायमूर्ति जैन ने कहा कि प्रत्येक अदालत का यह दायित्व है कि वह पक्षों को अपना-अपना मामला प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त अवसर दे और इस मामले में भी ईडी को केजरीवाल की जमानत याचिका पर दलीलें पेश करने का पर्याप्त अवसर दिया जाना चाहिए था। न्यायमूर्ति जैन ने कहा कि निचली अदालत ने ईडी द्वारा लिखित दलीलों सहित दी गई अन्य दलीलों पर चर्चा और विचार नहीं किया और न ही जमानत देते समय धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 45 के तहत ''दोहरी शर्त'' की आवश्यकता के संबंध में भी चर्चा की। पीएमएलए की धारा 45 के तहत किसी आरोपी को 'दोहरी शर्त' के मद्देनजर जमानत दी जा सकती है, यानी अदालत को प्रथम दृष्टया यह विश्वास हो कि वह ऐसे अपराध का दोषी नहीं है तथा अभियोजक को जमानत आवेदन का विरोध करने का अवसर दिया गया है। अदालत ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख के रूप में केजरीवाल की जिम्मेदारी के मुद्दे को भी जमानत आदेश में कोई जगह नहीं मिली। अदालत ने कहा कि इस स्तर पर, यह नहीं कहा जा सकता कि केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड कानून के अनुसार नहीं थी और कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन किए बिना उनकी निजी स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया था। इसने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई अंतरिम जमानत लोकसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में दी गई थी और इसलिए उनकी यह दलील कि उन्होंने इसका दुरुपयोग नहीं किया,ज्यादा मददगार नहीं है। विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने 20 जून को धनशोधन मामले में केजरीवाल को जमानत दे दी थी और कहा था कि ईडी धनशोधन मामले में अपराध की आय से उन्हें जोड़ने वाले प्रत्यक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहा है। इक्कीस जून को, उच्च न्यायालय ने स्थगन के मुद्दे पर फैसला सुनाने तक जमानत आदेश के क्रियान्वयन को स्थगित कर दिया था। केजरीवाल ने इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख तय की और कहा कि वह इस मुद्दे पर उच्च न्यायालय के आदेश की घोषणा की प्रतीक्षा करना चाहेगी। दिल्ली आबकारी नीति तैयार करने और इसके क्रियान्वयन से जुड़ी कथित अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की उपराज्यपाल ने सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था, जिसके बाद 2022 में आबकारी नीति को रद्द कर दिया गया था। सीबीआई और ईडी के अनुसार, आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

## वित्त मंत्री सीतारमण करेंगी पेश

# 23-24 जुलाई को आम बजट पेश होने की हो रही है चर्चा

बताया जा रहा है कि अभी इस पर आधिकारिक जानकारी नहीं जारी की गई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक बार फिर यूनियन बजट पेश करने की तैयारी में हैं। मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्ण बजट 23 या 24 जुलाई 2024 को पेश किया जा सकता है। हालांकि, अभी तक सालाना बजट पेश करने को लेकर किसी तरह की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस ने लोकसभा चुनाव 2024 में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाई है और अब सबकी नजरें आने वाले यूनियन बजट पर टिकी हुईं हैं। 19 जून को वित्त मंत्री ने आने वाले आम बजट 2024-25 के लिए देशभर के जाने-माने अर्थशास्त्रियों के साथ पहली प्री-बजट मीटिंग की। और एक दिन बाद ही उन्होंने फाइनेंशियल और कैपिटल मार्केट सेक्टर के बड़े एक्सपर्ट्स के साथ दूसरी प्री-बजट कंसल्टेशन बैठक की। वित्त मंत्री ने इसके बाद इंडस्ट्री लीडर्स और एसोसिएशन्स के साथ तीसरी प्री-बजट कंसल्टेशन मीटिंग भी की।

### आमजन को जीएसटी में छूट के भी संकेत दिए

बजटको संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। मानसून सत्र की शुरुआत 22 जुलाई को होगी और यह 9 अगस्त तक चलेगा। 18वीं लोकसभा का पहला स्पेशल सत्र 24 जून से शुरू हो चुका है जो 4 जुलाई तक चलेगा। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 22 जून को 53वीं जीएसटी काउंसिल की अध्यक्षता की थी और कई वस्तुओं व सर्विसेज पर लगने वाले जीएसटी से जुड़े कई अलग-अलग प्रस्ताव पास किए। जीएसटी काउंसिल ने जीएसटी रिजीम के तहत टैक्स रेट को बेहतर करने और सर्विस में छूट को लेकर कई सुझाव भी दिए हैं। चर्चा है कि आम बजट में इस पर भी ध्यान रहेगा।

### 'जीवन जीने में आसानी' को प्रतिबद्ध

गौर करने वाली बात है कि निर्मला सीतारमण ने 12 जून को वित्त और कॉरपोरेट मामलों से जुड़े मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार सभी नागरिकों के लिए 'जीवन जीने में आसानी' को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए जरूरी कदम उठाती रहेगी।

## नीट पेपर लीक मामले में रोजाना हो रहे नए खुलासे

# मुखिया की महत्वाकांक्षाएं बड़ी थीं पत्नी के जरिए नेताओं से पहुंच बनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ सॉल्वर गैंग का प्रमुख बताया जा रहा यह

मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन के लिए होने वाली परीक्षा नीट यूजी में पेपर लीक होने के विवाद में नई-नई बातें सामने आ रही हैं। इस मामले की जांच पहले बिहार की आर्थिक अपराध शाखा कर रही थी।जब ईओयू ने मामला सीबीआई को सौंपा तो एक व्यक्ति का नाम लिया।

वह नाम संजीव कुमार 'मुखिया' था। इसके बारे में जांचकर्ताओं का मानना है कि वह पूरे ऑपरेशन का मुख्य सूत्रधार था। इसे अब 'सॉल्वर गैंग' कहा जा रहा है। साल्वर गैंग एक अंतरराज्यीय नेटवर्क है जो कथित तौर पर प्रतियोगी परीक्षाओं के हल किए गए प्रश्नपत्रों को इच्छुक लोगों को पैसे लेकर बेचता है।

### पहले वह रंजीत का सहयोगी था

*मुखिया को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उनकी पत्नी 2016 से 2021 के बीच नालंदा की भुतहाखार पंचायत की पूर्व ग्राम प्रधान थीं। वह कथित तौर पर दो दशकों से पेपर लीक रैकेट में शामिल हैं। सबसे पहले वह रंजीत डॉन के सहयोगी के रूप में शामिल था। डॉन 90 के दशक और 2000 के दशक की शुरुआत में कई परीक्षा रैकेट में शामिल था। इसके बाद वह खुद भी इसमें शामिल हो गया।*

### जमानत पर अब 2 को होगी सुनवाई

*पटना। पटना व्यवहार न्यायालय ने कथित पेपरलीक केस के 13 गिरफ्तार आरोपियों को जमानत नहीं मिली। इस केस की सुनवाई एडीजे 5 राजेंद्र कुमार सिंह के कोर्ट में हुई। सरकारी वकील ने बताया कि कथित पेपर लीक केस अब सीबीआई के पास चला गया है। इसके बाद इस मामले की सुनवाई सीबीआई की विशेष अदालत में होगी। कोर्ट ने दो जुलाई को अगली सुनवाई की तारीख दी है।*

## 18 विधायक 'घर वापसी' को तैयार: शरद गुट



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उटलफेर देखने को मिल सकता है। शरद पवार की पार्टी की तरफ से एकबार फिर से दावा किया गया है कि अजित पवार गुट के कई विधायक उनके साथ आ सकते हैं। शरद ने कहा कि पार्टी छोड़कर अजीत गुट में शामिल होने वाले 18 से 19 विधायक उनके पक्ष में हैं। वे कभी भी इनकी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। हम सहयोगियों से मिलकर फैसला लेंगे।


## राजनाथ बोले-लोकतंत्र की प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान

# आपातकाल को चाह कर भी भुलाया नहीं जा सकता,यह इतिहास का काला दिन था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आपातकाल लगाए जाने वाली तिथि 25 जून 1975 को याद करते हुए एक्स पर जारी पोस्ट में कहा कि आज से ठीक 49 साल पहले भारत में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा आपातकाल लगाया गया था। आपातकाल हमारे देश के लोकतंत्र के इतिहास का वह काला अध्याय है, जिसे चाह कर भी भुलाया नहीं जा सकता।रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सत्ता के दुरुपयोग और तानाशाही का जिस तरह खुला खेल उस दौरान खेला गया, वह कई राजनीतिक दलों की लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता पर बहुत बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लगाई थी इमरजेंसी



### नड्डा ने 'डार्क डे ऑफ डेमोक्रेसी'का संबोधित किया

*उन्होंने कहा कि यदि आज इस देश में लोकतंत्र जीवित है तो उसका श्रेय उन लोगो को जाता है जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष किया, जेल गए और न जाने कितनी शारीरिक और मानसिक यातना से उन्हें गुजरना पड़ा। भारत की आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष और लोकतंत्र की रक्षा में उनके योगदान को याद रखेंगी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीयमंत्री जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में आपातकाल के विरोध में आयोजित 'डार्क डे ऑफ डेमोक्रेसी' कार्यक्रम को संबोधित किया।*

## छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय की पीएम मोदी से मुलाकात

# संसद सत्र के बाद हो सकता है मंत्रिमंडल का विस्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर औपचारिक बधाई दी। फिर सीधी बात शुरू हुई। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बन जाने के बाद उनका मंत्रालय कौन विधायक संभालेगा? कौन से दो अन्य विधायकों को मंत्रिमंडल विस्तार में जगह मिलेगी, शुरुआती चर्चा हो गई।

मुख्यमंत्री से उनकी पसंदगी पूछी गई, उन्होंने शीर्ष नेतृत्व पर निर्णय छोड़ दिया। बृजमोहन की विधानसभा सीट से उपचुनाव में किस नेता को मौका मिलेगा, इस पर अभी चर्चा नहीं हुई। जानकार इतना जरूर बता रहे हैं सीएम को मंत्रिमंडल विस्तार के लिए फ्री हैंड दे दिया गया है। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन-2047 'विजन डॉक्यूमेंट' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका निर्माण राज्य नीति आयोग द्वारा किया जा रहा है जिसे छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस, एक नवंबर को राज्य की जनता को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विगत छह माह में माओवादी विरोधी अभियानों में की गयी कार्रवाई की जानकारी भी प्रधानमंत्री को तफ़सील से दी।

नियद नेल्लानार योजना (आपका आदर्श गाँव) के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत नक्सलियों के आधार को कमजोर करने व शासन-प्रशासन व ग्रामीणों के बीच परस्पर विश्वास बहाली का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत वर्तमान में 23 कैंप खोले गए हैं, जिनमें 90 ग्राम शामिल हैं तथा भविष्य में 29 कैंपों को प्रारंभ करने की योजना है।

अग्रवाल के सांसद बनने के बाद रिक्त स्थान पर की चर्चा



### अमित शाह से भी मिले सीएम

पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सूबे के सभी भाजपा सांसदों के साथ सीएम ने भोजन का लुत्फ लिया।कैंटीन में दोपहर छत्तीसगढ़ के सांसदों के साथ भोजन के बाद ही गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। सीएम ने संसद परिसर स्थित गृह मंत्री के दफ्तर में मुलाकात की। दोनों मुलाकात कोई सामान्य मुलाकात नहीं मानी जा सकतीं।

## निर्माण समिति के अध्यक्ष बोले

# राममंदिर में बिजली के पाइप से भरा पानी, भ्रम न फैलाएं

एजेंसी ▶▶ अयोध्या



राम मंदिर में पहली बारिश में पानी टपकने पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने सफाई दी। मंगलवार को उन्होंने कहा कि राम मंदिर के गर्भगृह में पानी भरने की दो वजह रहीं। पहली, गर्भगृह के आगे गूढ़ मंडप का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। इसके चलते बारिश का पानी मंदिर परिसर में आ गया। दूसरी, मंदिर की पहली मंजिल पर बिजली के तार डालने के लिए पाइप खुला था। इसके जरिए भी पानी मंदिर में आया।उन्होंने कहा कि मैंने खुद मंदिर का निरीक्षण कर सभी बिंदुओं को देखा है। कुछ लोगों ने केवल मंदिर में पानी टपकने का भ्रम पैदा किया है। मंदिर निर्माण की गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गर्भगृह के आगे गूढ़ मंडप को अभी अस्थायी तरीके से बनाया गया है। इसे हटाकर पक्का किया जाएगा।

# बांग्लादेश पर फतह पाते ही अफगानिस्तान में वर्ल्ड कप जीतने जैसा जश्न

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मंगलवार को विश्व क्रिकेट में जो देखने को मिला, वह शायद पहले कभी देखने को नहीं मिला! इस बड़े वैश्विक मंच और जारी टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 9 रन से हराकर पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सहित बांग्लादेश को पटखनी देकर विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अफगानिस्तान टीम ने जैसे ही बांग्लादेश को हराया वैसे ही अफगानिस्तान के नागरिक जश्न मनाने सड़कों पर उतर आए। यहां के लोगों के जश्न को देखते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वे विश्वकप जीत गए हों। आखिर ऐसा जश्न हो भी क्यों नहीं जब वह पहली बार टीम राशिद सेमीफाइनल में पहुंची। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों साफ देखा जा सकता है।







भीड़ हटाने के प्रशासनिक तरीके बेकार

हालत यह है कि प्रशासन को जश्न मना रही भीड़ को हटाने के लिए वाटर ब्रिगेड से पानी की तेज बौछार कराई जा रही है, लेकिन लोग तभी भी टस से मस नहीं हो रहे हैं। यह हाल अकेले काबुल का नहीं, बल्कि अफगानिस्तान के सभी हिस्सों का है। अलग-अलग प्रांतों के लगातार तस्वीरें और वीडियो आ रहे हैं, जो इस सेमीफाइनल में पहुंचने को टीम की खिताबी जीत से बयां नहीं कर रहे।

## रंग-गुलाल से माहौल हुआ रंगीन

अफगानिस्तान की सड़कों पर जश्न मनाते लोग रंग-गुलाल उड़ाते नजर आ रहे हैं। रंगों से सराबोर तस्वीरें जमकर वायरल हो रहीं हैं जिससे देखा जा सकता है कि वहां टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद सड़कों पर कैसा सैलाब उतर गया है। प्रशासन तमाम उपाय लोगों को हटाने के कर रहा है. पर फैंस ने मानो कह दिया है कि अब तो पार्टी यूं ही चलेगी।

## नगरहार-जलालाबाद में भी जश्न

अफगानिस्तान के नगरहार व जलालाबाद प्रांत में जमकर जश्न मनाया गया। इस टीम में दोनों जी शहरों के खिलाड़ी शामिल हैं। इसी प्रकार पूर्वी अफगानिस्तान के जलालाबाद में भी जमकर लोग नाच रहे हैं। जैसे ही अफगानिस्तान ने मुकाबला अपनी झोली में डाला, वैसे ही लोग चौराहे-चौराहे पर जश्न मनाने जमा हो गए।

## खबर संक्षेप



### मंधाना और हरमनप्रीत महिला वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में

**दुबई।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गई जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई। मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक हैं। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में 343 रन बनाकर शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए रखी। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने शीर्ष रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। वह तीन पायदान चढकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है तथा इंग्लैंड की नंबर एक बल्लेबाज नैट साइवर ब्रंट से केवल 16 अंक पीछे है। दक्षिण अफ्रीका इस श्रृंखला के तीनों मैच में हार गया था लेकिन वोलवार्ट ने दूसरे मैच में नाबाद 135 रन की पारी खेली थी।

### दुनिया के नंबर एक पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी बने सुहास यथिराज

**नई दिल्ली।** भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज मंगलवार को नवीनतम बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में फ्रांस के दिग्गज लुकास माजुर को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए।
चालीस साल के अर्जुन पुरस्कार विजेता सुहास को तोक्यो पैरालंपिक के एसएल-4 वर्ग के खिताबी मुकाबले में माजुर के खिलाफ हार के चलते रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। सुहास के नाम पर अब 60 हजार 527 अंक हैं जो फ्रांस के उनके प्रतिद्वंद्वी माजुर (58 हजार 953) से अधिक हैं।

### तूलिका ने पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता तूलिका मान ने मंगलवार को जूडो में भारत के लिए पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। इस खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था ने यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ (आईजेएफ) ने मंगलवार को उन खिलाड़ियों की सूची जारी की जिन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया है। इनमें 25 वर्षीय तूलिका को 78 किग्रा से अधिक भार वर्ग में जगह मिली है। दिल्ली की यह खिलाड़ी 1345 अंक लेकर 36वें स्थान पर है। क्वालिफिकेशन की अवधि 22 जून 2022 से 23 जून 2024 तक थी। आईजेएफ ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''अगला चरण 2 जुलाई को होगा जब राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) उस खिलाड़ी को नामित करेंगे जो ओलंपिक में उनका प्रतिनिधित्व करेगा।

### ब्राजील ने कोस्टा रिका से गोलरहित ड्रॉ खेला

**इंगलवुड (अमेरिका)।** ब्राजील को कोपा अमेरिका फुटबॉल के पहले मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। नौ बार की चैम्पियन ब्राजील ने गेंद पर नियंत्रण और विरोधी गोल पर हमलों में दबदबा बनाया लेकिन कोस्टा रिका के गोलकीपर पैट्रिक सिक्वेरा काफी मुस्तैद थे जिन्होंने तीन गोल बचाये।

### आईसीसी टूर्नामेंट में पहली बार अफगानिस्तान पहुंची नॉकआउट में

# फाइनल में पहुंचने भारत की इंग्लैंड से और अफगान की दक्षिण अफ्रीका से भिड़ंत कल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 के आखिरी सुपर-8 मुकाबले में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम को डक वर्थ लुईस नियम की बदौलत 8 रन से हराते हुए पहली बार इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। टीम सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी। वहीं भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। इन दोनों मैचों में जीतने वाली टीमें फाइनल मैच 29 जून को खेलेंगी। मंगलवार को हुए मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 115/5 का स्कोर बनाया। बारिश से प्रभावित मैच में बांग्लादेश को 19 ओवर में 114 रन का नया लक्ष्य मिला। जवाब में बांग्लादेशी टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। अफगानिस्तान की जीत ने ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया। अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीमों को शिकस्त दी।




### अजेय भारत का मुकाबला 27 को इंग्लैंड से

वहीं इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार छठा मैच जीता। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला 27 जून को गुयाना में इंग्लैंड से होगा। बता दें कि टीम इंडिया सुपर-8 के साथ ग्रुप स्टेज में भी अजेय रही। इस वर्ल्ड कप में इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया से पहले अफगानिस्तान को 47 और बांग्लादेश को 50 रन से हराया। इस वर्ल्ड कप में इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, आयरलैंड, पाकिस्तान, और अमेरिका को हराया। कनाडा के खिलाफ मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा।

### राशिद कर रहे घातक गेंदबाजी

बांग्लादेश के खिलाफ राशिद ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने मध्यक्रम के बल्लेबाज सौम्य सरकार (10) को बोल्ड करते हुए अपना पहला शिकार बनाया। इसके बाद उन्होंने तौहीद हृदोय (14) का विकेट लिया। उन्होंने अपने तीसरे ओवर की आखिरी 2 गेंदों पर महमूदुल्लाह (6) और रिशाद (0) के विकेट चटकाए। उन्होंने अपने 4 ओवर में 23 रन देते हुए ये 4 विकेट लिए। वह अफगान टीम से सबसे सफल गेंदबाज रहे। जिसकी बदौलत अफगान टीम सेमी फाइलन में पहुंची।

### गुरबाज ने खेली जुझारू पारी

बांग्लादेश के खिलाफ गुरबाज ने 55 गेंदों पर 43 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 1 छक्का लगाया। उन्होंने इब्राहिम जादरान (18) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की। मौजूदा संस्करण में उन्होंने 7 पारियों में 40.14 की औसत और 126.00 की स्ट्राइक रेट के साथ 281 रन बनाए हैं। वह फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।



### दोनों सेमीफाइनल में बारिश के 70% चांस

इंग्लैंड में इन दिनों बारिश की संभावना बनी हुई है। बारिश के कारण अगर दोनों सेमीफाइनल बेनतीजा रहे तो भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 29 जून को बारबाडोस में फाइनल होगा। भारत व इंग्लैंड मैच में बारिश हुई तो इसके लिए रिजर्व डे नहीं है और टॉपर भारत को फाइनल का टिकट मिल जाएगा। साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के सेमीफाइनल में अगर बारिश हुई तो इसके लिए अगले दिन रिजर्व डे रखा गया है। रिजर्व डे में भी नतीजा नहीं निकल सका तो ग्रुप-2 टॉपर होने के कारण साउथ अफ्रीका को फाइनल का टिकट मिलेगा।

## पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे घुड़सवार अनुष



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा। भारतीय घुडसवारी महासंघ ने यह जानकारी दी। हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा का स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने वाले अनुष को श्रुति पर तरजीह दी गई। दोनों खिलाड़ियों के हाल के प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया।

### ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार उतरेगा

ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार कोई भारतीय घुड़सवार हिस्सा लेगा। इससे पहले भारत के घुड़सवारों ने इवेंटिंग स्पर्धा में ही हिस्सा लिया है। अनुष अपने घोड़े सर कैरामेलो ओल्ड के साथ ने पिछले साल शुरू हुए क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और न्यूनतम पात्रता आवश्यकता को चार बार पूरा किया जबकि अनुभवी श्रुति ने इस महीने दो बार एमईआर हासिल किया। उनका औसत स्कोर 67.695 प्रतिशत था जो श्रुति के 67.163 प्रतिशत से बेहतर था।

### निर्धारित मानदंडों पर खरे उतरे आयुष

ईएफआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेरिस खेलों में पात्र होने के लिए राइडर और घोड़े के संयोजन को एक जनवरी 2023 और 24 जून 2024 के बीच दो बार न्यूनतम 67 प्रतिशत हासिल करना आवश्यक है। ईएफआई की कार्यकारी परिषद ने अनुष को सर्वसम्मति से चुना।

यूरो 2024

## क्रोएशिया से 1-1 से ड्रॉ के बाद इटली नॉकआउट में



एजेंसी ▶▶| लीपजिग (जर्मनी)

इटली के स्थानापन्न खिलाड़ी मात्तिया जाकानी ने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में गोल करके क्रोएशिया को 1-1 से ड्रॉ पर रोका और अपनी टीम को नॉकआउट चरण में जगह भी दिला दी। इससे पहले क्रोएशिया के लिये लुका मोडरिच ने दूसरे हाफ में गोल किया था।

### इटली को ड्रा की ही जरूरत रही

इटली को अंतिम 16 में जगह बनाने के लिये ड्रॉ की जरूरत थी जबकि क्रोएशिया को हर हालत में जीत दर्ज करनी थी। क्रोएशिया के तीन मैचों में दो ही अंक है और अब तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में नॉकआउट चरण में जगह बनाने के लिये उसे बाकी मैचों के नतीजों का इंतजार करना होगा। इटली का सामना अंतिम 16 में शनिवार को स्विटजरलैंड से बर्लिन में होगा।

## स्पेन ने अल्बानिया को एक गोल से हराया



**डसेलडोर्फ (जर्मनी)।** स्पेन ने अपनी पूरी टीम लगभग बदलने के बावजूद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में अल्बानिया को 1-0 से हराया। नॉकआउट चरण में पहले ही प्रवेश कर लेने के बाद स्पेन के कोच लुईस डे ला फुऐंते ने शुरूआती टीम में दस बदलाव किये। स्पेन ने 2008 के बाद पहली बार ग्रुप चरण के तीनों मैच जीते। स्पेन ने 2008 में खिताब जीता था। स्पेन के लिये 13वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल किया और स्टॉपेज टाइम में गोलकीपर डेविड राया ने गोल बचाया। पूरे ग्रुप चरण में स्पेन ने एक भी गोल नहीं गंवाया। ग्रुप बी से इटली ने क्रोएशिया से 1-1 से ड्रॉ खेलकर अगले चरण में जगह बनाई। अल्बानिया की टीम बाहर हो चुकी है जिसे एक ड्रॉ की ही जरूरत थी। स्पेन को अंतिम 16 का मैच रविवार को कोलोन में खेलना है।

## डकवर्थ-लुईस पद्धति के जनक फ्रेंक डकवर्थ का निधन




**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सांख्यिकीविद् और डकवर्थ-लुईस-स्टर्न पद्धति को तैयार करने वालों में शामिल फ्रेंक डकवर्थ का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। डकवर्थ-लुईस पद्धति को डकवर्थ और उनके साथी सांख्यिकीविद् टोनी लुईस ने तैयार किया और इसका इस्तेमाल बारिश से प्रभावित मैचों के नतीजे के लिए किया जाता है। इस पद्धति को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे पहले 1997 में लागू किया गया और 2001 में आईसीसी उन मुकाबलों में संशोधित लक्ष्य देने की मानक प्रणाली के रूप इसे स्वीकार किया जहां ओवरों की संख्या में कटौती होती है। संशोधन के बाद डकवर्थ-लुईस-स्टर्न नाम दिया गया। डकवर्थ और लुईस की सेवानिवृत्ति और ऑस्ट्रेलिया के सांख्यिकीविद् स्टीवन स्टर्न द्वारा इसमें कुछ संशोधन के बाद इस पद्धति को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न नाम दिया गया। डकवर्थ और लुईस दोनों को जून 2010 में 'मेंबर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश अंपायर' से सम्मानित किया गया।

## लुका मोडरिच यूरो चैम्पियनशिप में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बने

एजेंसी ▶▶| लीपजिग (जर्मनी)

संभवतः अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे क्रोएशिया के लुका मोडरिच ने इटली के खिलाफ गोल किया तो वह यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उन्हें प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार भी मिला लेकिन वह इसका जश्न मनाने के मूड में नहीं थे। इटली के मात्तिया जाकानी ने स्टॉपेज टाइम के आठवें मिनट में गोल कर दिया। इससे क्रोएशिया की नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। अब उसे दूसरे मैचों के नतीजे पक्ष में आने की दुआ करनी होगी ।



### पहले यह रिकॉर्ड वास्टिक के नाम था


38 वर्ष 289 दिन के मोडरिच ने 55वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा। इससे पहले यह रिकॉर्ड आस्ट्रिया के इविका वास्टिक के नाम था जिन्होंने यूरो 2008 में पोलैंड के खिलाफ गोल किया तब वह 38 वर्ष 257 दिन के थे। क्रोएशिया के लिये 2006 में पदार्पण करने वाले मोडरिच 178 मैच खेल चुके हैं। उन्हें 2018 में बलोन डिओर पुरस्कार भी मिला था।

### डेविड वॉर्नर तीन बार वर्ल्ड कप विजेता टीम का हिस्सा रहे

# सेफा से बाहर होते ही वार्नर ने लिया इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आज अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गई। इसी के साथ वॉर्नर का 15 साल का यादगार सफर भारत के खिलाफ करारी हार के साथ समाप्त हुआ। सोमवार रात को भारत ने ऑस्ट्रेलिया को आखिरी सुपर-8 मैच में 24 रनों से हराया। वॉर्नर वनडे और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने वनडे से संन्यास लेते हुए कहा था कि चैंपियंस ट्रॉफी में जरूरत पड़ी तो मैं उपलब्ध रहूंगा। वॉर्नर 3 बार वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे हैं, इसमें 2015 और 2023 का वनडे वर्ल्ड कप और 2021 का टी-20 वर्ल्ड कप शामिल है। वॉर्नर 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रहे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को एक सोशल पोस्ट ने वॉर्नर के रिटायरमेंट का ऐलान किया। सीए ने पोस्ट में वॉर्नर के 15 साल के करियर के यादगार लम्हे को कुछ फोटो के जरिए दिखाया। 37 साल के वॉर्नर का रिटायरमेंट मंगलवार सुबह खेले गए बांग्लादेश-अफगानिस्तान मैच पर टिका था। सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई मिचेल मार्श ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि वॉर्नर का संन्यास अफगानिस्तान-बांग्लादेश मैच के रिजल्ट पर निर्भर करेगी। यदि हमारी टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाती है, तो वॉर्नर अगला मैच खेलेंगे, नहीं तो संन्यास ले लेंगे, हालांकि वॉर्नर ने अब तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं दिया है।




### 2011 में टेस्ट डेब्यू किया था

डेविड वॉर्नर ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 2011 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में की था। उन्होंने 112 टेस्ट मैचों में 44.59 की औसत से 8786 रन बनाए। इसमें 26 शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं।

### 45 का औसत रहा वन डे मैच में

वॉर्नर ने वनडे करियर की शुरुआत साउथ अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में 2009 में की थी। उन्होंने वनडे में आखिरी मैच वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में 19 नवंबर को अहमदाबाद में भारत के खिलाफ खेला था। अब तक खेले 161 वनडे मैचों में 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए हैं। इसमें उन्होंने 22 शतक और 33 अर्धशतक लगाए।

### टी-20 इंटरनेशनल में वॉर्नर का सफर

वॉर्नर टी-20 इंटरनेशनल में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 110 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 3277 रन बनाए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा-

# सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

भारत के चीन और पाकिस्तान के साथ लंबे वक्त से जारी सीमाई विवाद के बीच वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता है। क्योंकि देश की राजनीतिक संस्कृति और मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में यह तथ्य प्रासंगिक है। यह जानकारी वायुसेना प्रमुख ने राजधानी के सुब्रतो पार्क स्थित वायुसेना सभागार में 'कॉलेज ऑफ एयर वॉरफेयर एंड सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई कैपस्टोन कार्यशाला को संबोधित करते हुए दी।




### चीन-पाक से सीमा विवाद पर कई कूटनीतिक वार्ताएं

गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर भारत और चीन की सेनाओं के बीच बीते करीब चार वर्षों से अधिक समय से विवाद जारी है। कई दौर की सैन्य और कूटनीतिक वार्ताओं के बावजूद आज तक इलाके में पूरी तरह से शांति स्थापित नहीं हो सकी है। दोनों देशों की सेनाएं कई जगहों पर एक-दूसरे के आमने सामने आक्रामक मुद्रा में तैनात हैं। वहीं, पाकिस्तान के साथ एलओसी पर जारी संघर्ष विराम समझौते के बाद पाक समर्थित आतंकियों द्वारा जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों का सिलसिला जारी है।

### स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना होगा

वायुसेनाप्रमुख ने कहा कि भारत के लिए अपने सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण करने, रणनीतिक साझेदारी, स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने और सुरक्षा के लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। अशांत वातावरण से निपटने और राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने के लिए भारत को अपने सशस्त्र बलों में निवेश के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करनी चाहिए। देश में राज्य कला का अभ्यास पूरे इतिहास में देखा गया है। इसमें हमारे समक्ष रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य मौजूद हैं। जो भारत के भव्य राजनीतिक विचारों को प्रदर्शित करते हैं।

### आतंकवाद, साइबर खतरे सहित कई चुनौतियां

उन्होंने भारत के सामने बनी हुई बहुआयामी चुनौतियों जैसे आतंकवाद, साइबर खतरे और क्षेत्रीय अस्थिरता का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की रणनीतिक संस्कृति ऐतिहासिक अनुभवों और भू-राजनीतिक वातावरण के साथ आकार ले रही है। इसके साथ ही यह रणनीतिक स्वायत्तता और क्षेत्रीय अखंडता पर भी मजबूती से ध्यान देने पर जोर देती है। एयर चीफ मार्शल चौधरी की यह टिप्पणी एक ऐसे समय में की गई है। जब घरेलू से लेकर वैश्विक स्तर पर दुनिया के कई भागों में चल रहे भू-राजनीतिक विवाद की वजह से हालात चिंताजनक बने हुए हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुलाई में करेंगे रूस की यात्रा, राष्ट्रपति पुतिन संग होगी बैठक!



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले जुलाई महीने में रूस की यात्रा करेंगे। इस दौरान उनकी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी।

रूस के राष्ट्रपति के क्रेमलिन कार्यालय के एक अधिकारी यूरी उषाकोव ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री की रूस की यात्रा को लेकर हम तैयारी कर रहे हैं। लेकिन अभी किसी आधिकारिक तारीख का ऐलान नहीं किया जा सकता है। जल्द ही दोनों देशों द्वारा संयुक्त रूप से इसकी घोषणा की जाएगी। पीएम मोदी की यह यात्रा भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने को लेकर की जाएगी। जिसका आयोजन क्रमवार रूप से दोनों देशों में किया जाता है।

■ अभी तारीख तय नहीं, जल्द ऐलान संभव

अब तक दोनों देशों के बीच ऐसे कुल 21 सम्मेलन हो चुके हैं। इस वर्ष करीब तीन वर्ष के अंतराल पर इसका रूस में आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में 2021 में नई दिल्ली में यह सम्मेलन हुआ था। भारत और रूस की सामरिक भागीदारी पर चर्चा के लिए गठित किया गया संस्थागत संवाद तंत्र से जुड़ा यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

## निज्जर को लेकर रखे गए मौन की कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने की आलोचना कहा-

# संसद में ऐसे कनाडाई लोगों के लिए सम्मानपूर्वक मौन रखा जाता है जिनका अधिकांश समय कनाडा के लोगों की सेवा में बीता हो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की मौत का एक साल पूरा होने पर कनाडा की संसद में हालिया रखे गए दो मिनट के मौन की कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने कड़े शब्दों में आलोचना की है। उन्होंने कहा कि जब संसद में किसी के सम्मान में मौन रखा जाता है तो वह व्यक्ति बेहद खास होता है।

कनाडा के कुछ महान लोगों के लिए ऐसा किया जाता है। यह वो लोग होते हैं जिनका अधिकांश समय कनाडा के लोगों की सेवा में बीता हो। जबकि निज्जर का संबंध चरमपंथियों से था। उसके सम्मान में संसद में मौन रखे जाने से चरमपंथी गतिविधियों को कनाडा में बढ़ावा मिलेगा। यहां बता दें कि निज्जर को भारत ने आतंकवादी घोषित किया हुआ है।

उल्लेखनीय है कि आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की पिछले साल 18 जून को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कनाडा की पुलिस ने चार भारतीयों को गिरफ्तार किया है। भारत ने कनाडा में राजनीतिक संरक्षण में फलफूल रही चरमपंथी गतिविधियों की सख्त लहजे में आलोचना की है। हाल ही में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 1985 में कनाडा से जुड़े इतिहास के सबसे घातक कनिष्क बम धमाके का उल्लेख करते हुए कनाडा को खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे के प्रति आगाह किया था। इस घटना में कुल 329 लोगों को मौत हो गई थी।

कनाडा में सक्रिय खालिस्तानी आतंकियों ने इस घटना को 1984 में पंजाब के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए ऑपरेशन ब्लू स्टार के विरोध में अंजाम दिया था।

कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने यह भी कहा कि निज्जर फर्जी पासपोर्ट के जरिए कनाडा में घुसा था। इसके बाद यह हिंसा को बढ़ावा, खालिस्तान का समर्थन करने वाले सिख आतंकवादियों से जुड़ गया। इन तमाम पहलुओं को देखते हुए उसके सम्मान में संसद में मौन रखा जाना सरासर गलत है।




*नियम व शर्तें लागू। यह ऑफर केवल पाइन लैब्स की मशीनों के ज़रिए एच.डी.एफ.सी. बैंक क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से किए गए ई.एम.आई. लेन-देन के लिए होंडा के सभी टू-व्हीलर मॉडलों पर उपलब्ध है। ग्राहक 5% इंस्टेंट कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं, जिसकी अधिकतम सीमा रु.3000 है। ऑफर अवधि के दौरान प्रति कार्ड/ऑर्डर एक लेन-देन पर मान्य है। यह ऑफर 31 अगस्त 2024 तक मान्य है। यह योजना केवल चुनिंदा आउटलेट्स में उपलब्ध है। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं। रंगों और मॉडलों के हिसाब से फीचर्स भिन्न हो सकते हैं। फाइनेंस ऑफर पेश करने का एकमात्र अधिकार फाइनेंसर के पास सुरक्षित है और ऑफर पर फाइनेंसर के नियम व शर्तें लागू होंगे। #स्रोत: जून 2001 से जून 2023 तक ब्रांड एक्टिवा की कुल बिक्री के आंकड़े।




**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (III Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**